53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 14.0°c | अधिकतम 29.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:26, सूर्यास्त - 6:28 | वर्ष : 53/ अंक : 74 | सोमवार, 17 मार्च 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष, तृतीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

लफ्ज और उनको बोलने का लहजा ही होते हैं इंसान का आईना, शक्ल का क्या है वो तो उम्र और हालात के साथ, अक्सर 'बदल' जाती है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

अपहरण उद्योग के आका लालू सुशासन पर अनर्गल सवाल उठा रहे हैं : उमेश कुशवाहा



ये कैसा भेद है?...छलनी सुई से कह रही.. तेरे पेट में छेद है........

# संजीव की धार रही पैनी, फिर जिलाध्यक्ष बने सुधीर सैनी



**मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)।** जैसे कयास लगाए जा रहे थे, ठीक वैसा ही हुआ। सूत्रों की मानें तो सांसदी जाने के बाद भी भाजपा हाईकमान में संजीव बालियान की ही तूती बोल रही है। पिछले डेढ़ महीने से भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा लटकी हुई थी। उसका कारण महाकुम्भ व दिल्ली चुनाव होना बताया गया था। मगर असल कारण तो कुछ और थे। भाजपा जिलाध्यक्षों के लिए हरेक जिले में आपाधापी का माहौल था। खुद मुजफ्फरनगर से ही आधा दर्जन से ही अधिक भाजपाईयों के नाम जिलाध्यक्षी की दौड़ में थे। मगर यह सुरसुराहट एक महीने पहले ही हो चुकी थी कि सुधीर सैनी दोबारा जिलाध्यक्षी की कमान संभालने जा रहे हैं। ऐसे में कल रात तक भी तीन नाम मुख्य रूप से चर्चाओं में थे, जिसमें बिजेन्द्र पाल, विनीत कात्यान व सुधीर सैनी का नाम शामिल था, मगर अंतिम मुहर सुधीर सैनी के नाम पर लग चुकी थी।

सूत्रों की मानें तो सुधीर सैनी के नाम को दमदारी से आगे रखने में पूर्व मंत्री संजीव बालियान की सिफारिश थी। मुजफ्फरनगर भाजपा के एक अलग गुट ने विनीत कात्यान और बिजेन्द्र पाल की भी सिफारिश की हुई थी, मगर इन दोनों सिफारिशों को दरकिनार कर फिर एक बार संजीव बालियान की तूती बोलती दिखाई दी। सुधीर सैनी के जिलाध्यक्ष बनने से यह तस्वीर भी साफ हो चुकी है कि सुधीर सैनी के कार्यकाल में ही 2027 का चुनाव लड़वाया जाएगा जो अपने आपमें एक बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि भाजपा मुजफ्फरनगर जनपद से अपना जनाधार खो चुकी है। ऐसे में पुनः मुजफ्फरनगर की 6 की 6 सीटें भाजपा की झोली में वापस जिलाध्यक्ष के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा। अभी देखना यह होगा कि दूसरी बार सुधीर सैनी के जिलाध्यक्ष चुने जाने से कार्यकर्ताओं में इसकी क्या प्रतिक्रिया आती है। फिलहाल सुधीर सैनी के पुनः जिलाध्यक्ष बनने से भाजपा के खेमे में शांति का माहौल है। चूंकि कार्यकर्ताओं को सम्भावना थी कि पार्टी सुधीर सैनी को दोबारा जिलाध्यक्ष नियुक्त नहीं करेगी, कोई नया चेहरा सामने लाया जाएगा, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह पैदा हो, मगर परिणाम आने के बाद अभी तक किसी भी प्रकार का कोई विरोध कार्यकर्ताओं द्वारा नहीं किया गया। अब देखना यह होगा कि कार्यकर्ताओं में अंदरखाने कोई विरोध है या पार्टी हाईकमान के निर्णय को सहर्ष स्वीकार किया जायेगा।

## तीन बार जिला अध्यक्ष बनकर रचा इतिहास

**मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)।** मुजफ्फरनगर के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि किसी जिलाध्यक्ष ने तीसरी बार भाजपा की कमान संभाली हो। इसके साथ-साथ दो बार लगातार जिलाध्यक्ष बनने वाले भी वे पहले जिलाध्यक्ष होंगे। भाजपा की पूर्व में परम्परा रही है कि एक टर्म हो जाने के बाद दूसरे को मौका दिया जाता है, मगर इस बार लगातार दूसरी बार सुधीर सैनी को जिलाध्यक्ष बनाकर सबको चौंकाने का काम तो किया ही है, साथ ही साथ सुधीर सैनी को इतिहास रचने का मौका भी दे दिया है।

## 'पाकिस्तान ने शांति के हर प्रयास का जवाब शत्रुता से दिया' : मोदी



**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लेक्स फ्रीडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में कहा कि भारत की तरफ से शांति के हर प्रयास का जवाब पाकिस्तान ने शत्रुता और विश्वासघात से दिया। इस दौरान उन्होंने उम्मीद जताई कि उसे सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का मार्ग अपनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय वैदिक संतों और स्वामी विवेकानंद ने जो कुछ भी सिखाया है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी वही सिखाता है। पॉडकास्ट आरएसएस को लेकर उन्होंने कहा, "मेरे मन में हमेशा एक ही लक्ष्य था, देश के काम आना. यही मुझे संघ ने सिखाया है। आरएसएस की स्थापना के इस वर्ष 100 साल पूरे हो रहे हैं। दुनिया में आरएसएस से बड़ा कोई स्वयंसेवी संगठन नहीं है। आरएसएस को समझना कोई आसान काम नहीं है।" पीएम मोदी ने कहा कि "मैंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को आमंत्रित किया था, लेकिन शांति के हर प्रयास का जवाब शत्रुता और विश्वासघात से मिला। हम पूरी उम्मीद करते हैं कि पाकिस्तान को सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का मार्ग अपनाएगा," प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका मानना है कि पाकिस्तान के लोग भी शांति चाहते हैं, क्योंकि वे भी संघर्ष, अशांति और निरंतर आतंक में रहते हुए थक गए होंगे, जहां मासूम बच्चे भी मारे जाते हैं और अनगिनत जिंदगियां बर्बाद हो जाती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत जब भी शांति की बात करता है, तो आज दुनिया उसकी बात सुनती है, क्योंकि भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है, उनकी ताकत उनके नाम में नहीं है, बल्कि 1.4 अरब भारतीयों और देश की शाश्वत संस्कृति एवं विरासत के समर्थन में निहित है।

## भोपा रेलवे ओवर ब्रिज से कूद गया युवक, ट्रेन से टकराकर गिरा नीचे

**मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)।** रविवार को एकाएक उस समय रेलवे ओवर ब्रिज पर लोग एक युवक के रेलवे ट्रैक पर कूदने के दृश्य को देखकर हैरत में पड़ गए, जब एक युवक ट्रेन को अपनी ओर आता देख रेलवे ब्रिज के ऊपर से छलांग लगाने लगा। दरअसल आत्महत्या के इरादे से युवक ने रेलवे ब्रिज से कूदकर अपनी जान देने की कोशिश की। युवक ट्रेन से टकराकर साइड में नीचे गिर गया। आनन-फानन में लोगों ने उसे उठाकर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम एकाएक भोपा रेलवे ब्रिज के ऊपर खड़ा एक युवक उस समय हरकत में आया और जैसे ही ट्रेन का हॉर्न बजा तो ट्रेन के ऊपर छलांग लगा



दी। गनीमत रही कि ट्रेन से टकराकर युवक रेलवे लाइन के किनारे जा गिरा। उक्त दृश्य को जिसने भी देखा, वह भौचक्का रह गया और तुरन्त गिरे हुए युवक को उठाकर पुलिस की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाने का काम किया। डॉक्टरों ने युवक की गंभीर चोटें देख तुरन्त उपचार दिया। पुलिस द्वारा युवक की जेब की तलाशी ली गयी तो उसकी जेब से कोई पहचान पत्र इत्यादि नहीं मिल पाया, जिस कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस समाचार लिखे जाने तक युवक के होश में आने का इंतजार कर रही थी, जिससे कि पहचान के बाद युवक के परिजनों को सूचना दी जा सके। फिलहाल युवक के आत्महत्या के कारणों का भी पता नहीं चल पाया है। पुलिस का बताना है कि जब युवक होश में आएगा, तभी उसकी आत्महत्या करने के कारणों का पता चल सकेगा।




## चरथावल में दिशा शौच के लिए जंगल गयी किशोरी से दुष्कर्म

**मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र से किशोरी से दुष्कर्म की घटना सामने आई है। बताया जाता है कि चरथावल थाने के ही रहने वाले एक युवक मोनू पुत्र पोपी द्वारा उस समय किशोरी को सरसों के खेत में खींच लिया गया, जब वह दिशा शौच के लिए जंगल की ओर जा रही थी। परिजनों का आरोप है कि उक्त युवक ने किशोरी को खेत में खींचने के बाद रेप की घटना को भी अंजाम दिया। युवती ने बताया कि आरोपी ने धमकी दी कि यदि उसने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी तो उसे जान से मार देगा। घटना के बाद डरी सहमी किशोरी घर पहुंची और परिजनों को आप बीती सुनाई। घटनाक्रम सुनने के बाद परिजन किशोरी सहित थाने पहुंचे और थाने में दुष्कर्म का प्रार्थना पत्र दिया। शिकायत के आधार पर तुरन्त आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। चरथावल थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और किशोरी का मेडिकल कराया जा रहा है। रिपोर्ट आते ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। उक्त मामले में टीम गठित कर ली गयी है।



## ससुराल वालों से तंग आकर युवक ने जहर खाकर जान देने की कोशिश का वीडियो किया वायरल

**मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)।** कहते हैं कि हमारे समाज में महिलाओं को प्रताड़ित किया जाता है, मगर रविवार को महिला व ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित एक युवक का किस्सा सामने आया। सिर्फ किस्सा ही नहीं बल्कि युवक ने तंग आकर जहर खाकर जान वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर यह बताते हुए वायरल किया कि वह अपने ससुराल पक्ष के लोगों व पत्नी से तंग आकर ऐसा कर रहा है। उक्त युवक रामपुरी का रहने वाला है। जिसका विवाह ज्योति नाम की युवती से हुआ था। राहुल का बताना है कि उसके ससुराल वाले उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे हैं, साथ ही उससे 12 लाख रुपये की डिमांड भी की जा रही है। ऐसे में वह ससुराल के उत्पीड़न से तंग आकर यह वीडियो बना रहा है और प्रशासन से उक्त मामले में इंसाफ चाहता है।



## झांसी में दिनदहाड़े भाजपा नेता के घर पर 30 राउंड फायरिंग

**झांसी, 16 मार्च (एजेंसी)।** दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने भाजपा नेता के घर पर हमला कर दिया। बदमाश गाली-गलौच करते हुए भाजपा नेता को जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने पांच नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस को मौके से करीब 30 खोखे मिले हैं। जानकारी के अनुसार, रास्ते में हुई कहासुनी के बाद 6 से अधिक बदमाश रविवार दोपहर भाजपा नेता नरेंद्र कुशवाह के घर पहुंचे, ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे, नरेंद्र की पत्नी ने घर के बाहर खेल रही एक साल की बेटी को किसी तरह वहां से लेकर अदंर भागी और जान बचाई। नकाबपोश बदमाशों ने पथराव और फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। गनीमत रही कि भाजपा नेता कुछ समय पहले ही घर से निकला था। कोतवाली प्रभारी राजेश पाल ने बताया कि रविवार दोपहर नरेंद्र किसी काम से बाजार गया हुआ था। रास्ते में कमेंट करने पर नरेंद्र का पंकज के साथ विवाद हो गया। राहगीरों के समझाने पर पंकज कहीं और चला गया, जबकि नरेंद्र अपने घर आ गया. कुछ देर रुकने के बाद नरेंद्र चला गया। इसी बीच पंकज कुछ असलहाधारी बदमाश लेकर नरेंद्र के घर पहुंचा और सभी फायरिंग करनी शुरू कर दी। गोलियां चलने की आवाज सुन नरेंद्र की पत्नी अनीता कुशवाह ने अपनी एक साल की बेटी को लेकर खुद को कमरे में बंद लिया।

## राजकीय इण्टर कॉलेज के छात्रावास में लगी आग, फाइलें जलकर राख

**मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)।** रविवार को दोपहर राजकीय इण्टर कॉलेज के छात्रावास में उस समय अफरा-तफरी मच गयी जब छात्रावास के ग्राउंड फ्लोर पर विद्युत विभाग के कार्यालय में खिड़कियों से आग निकलने लगी। ग्राउंड में मौजूद लोगों ने आग निकलते देख इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की तथा इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग तुरन्त मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का काम किया। आग के चलते जान माल का नुकसान होने से बच गया। आग में विद्युत विभाग की कुछ फाइलें जल गयी, जिन्हें पानी डालकर बचाने का प्रयास किया गया। बड़ी बात यह रही कि उक्त हादसा दिन में होने के कारण बड़ी घटना होने से बच गयी।









# शाहपुर में कार के चारों पहिए चोरी कर ले गए चोर

शाहपुर, 16 मार्च (बु.)। चोरों ने होली दुल्हैंड़ी के बाद पुलिस की तिल्हैंडी का भरपूर फायदा उठाया। बीती रात शाहपुर के मुजफ्फरनगर रोड पर मिस्त्री की दुकान के बाहर खड़ी कार के चारों पहिए निकाल कर उसके नीचे ईट लगाकर चोर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने पर तहरीर दी है पुलिस सीसीटीवी कैमरे का खंगाल रही है। कस्बे की मुजफ्फरनगर रोड पर कार मिस्त्री की दुकान पर खड़ी एक कार से बीती रात अज्ञात चोरों ने टायर चोरी कर लिए। कस्बे के मुजफ्फरनगर रोड पर कार रिपेयरिंग का कार्य करने वाले गांव चांदपुर निवासी मिस्त्री मनीष ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार को तितावी थाना क्षेत्र के गांव नूनाखेड़ी निवासी कपिल कुमार अपनी वैगनआर कार को रिपेयरिंग करने के लिए उसकी दुकान पर लाया था और दुकान पर खड़ी करके चला गया था। रात्रि में कार उसकी दुकान के सामने खड़ी थी। रात्रि में किसी समय अज्ञात चोरों ने कार के चारों टायरों के अलावा स्टपनी भी चोरी कर ली। रविवार की सुबह जब वह दुकान पर आया, तो उसने देखा कि कार की स्टपनी सहित चारों टायर चोरी कर लिए गए हैं। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# शीतला माता (बबरेवाली) के दर्शन मात्र से होते हैं सात पीढ़ियों के कष्ट दूर

## - महाभारत काल मे अर्जुन के पुत्र बबभ्रुवाहन ने तपस्या कर शीतला माता के साक्षात दर्शन कर की थी मंदिर की स्थापना

## - बुधवार को ध्वज स्थापना के साथ शुरू होगा मेला






मीरापुर, 16 मार्च (बु.)। मीरापुर क्षेत्र में स्थित विश्व विख्यात सिद्धपीठ श्री शीतला माता मंदिर के दर्शन मात्र से मनुष्य की सात पीढ़ियों के कष्ट दूर हो जाते हैं। पांडु पुत्र अर्जुन के पुत्र बबभ्रुवाहन ने महाभारत काल में यहाँ कड़ी तपस्या कर देवी के साक्षात दर्शन कर इस मंदिर की स्थापना की थी। प्रत्येक वर्ष होली के चार दिन बाद यहाँ विशाल मेले का आयोजन होता है तथा देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहाँ प्रसाद चढ़ाने आते हैं। मीरापुर कस्बे से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर मीरापुर-सिकन्दरपुर मार्ग पर स्थित श्री शीतला माता (बबरे वाली) का विश्व विख्यात मंदिर स्थापित है। प्राचीन काल की मान्यता के अनुसार महाभारत काल में अर्जुन व चित्रगंधा के पुत्र महावीर बबभ्रुवाहन ने यहाँ कड़ी तपस्या कर श्री शीतला माता के साक्षात दर्शन किये थे। बबभ्रुवाहन के नाम पर ही इस मंदिर को बबरे वाली के नाम से जाना जाता है। वर्ष 1955 से 2013 तक पूर्व चेयरमैन स्व. महावीर प्रसाद शारदा के द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार व विकास कराया गया है। उनके निधन के उपरांत उनके पुत्र अनिरुद्ध शारदा लगातार मंदिर के जीर्णोद्धार में जुटे है। वहीं रिटायर्ड शिक्षक मास्टर चन्द्रपाल (जड़वड़ कटिया) निःस्वार्थ मंदिर में सेवा कर रहे हैं। मंदिर समिति अब तक करीब पन्द्रह बीघा भूमि खरीदकर मंदिर के विकास व जीर्णोद्धार को लगातार गति प्रदान कर रही हैं। होली के ठीक चार दिन बाद से यहाँ आठ दिवसीय मेले का आयोजन प्रबंध समिति द्वारा किया जाता है। मन्दिर की विशेष मान्यता है कि यहाँ दर्शन करने से चेचक, खसरा आदि भयंकर बीमारी स्वतः ठीक हो जाती है। इस वर्ष 18 मार्च मंगलवार (चतुर्थी) से मेला प्रारम्भ होगा तथा बुधवार 19 मार्च (पंचमी) को मीरापुर से झंडा यात्रा मन्दिर पहुँचेगी और मंदिर में ध्वज स्थापना के साथ ही मेले का विधिवत शुभारंभ हो जाएगा तथा देश-विदेश से लाखों लोग यहाँ प्रसाद चढ़ाने पहुचेंगे। शीतला सप्तमी व अष्टमी को मुख्य प्रसाद चढ़ाया जाएगा। इस बार षष्ठी को भी प्रसाद चढ़ाया जाएगा। मंदिर की विशेष मान्यता यह है कि शीतला माता चेचक महामारी, खसरा आदि रोगों से बच्चों की रक्षा करती है। इस रोग के ठीक होने पर रोगी को यहां के जल का छींटा लगाया जाता है। अनेक भक्तों ने माता रानी के चमत्कार का अनुभव किया है। वहीं नव दम्पति द्वारा यहाँ दर्शन करने से उनका दाम्पत्य जीवन सुखमय होता है। होली के चार दिन बाद शुरू होने वाला मेला बुधवार को ध्वज स्थापना के साथ शुरू हो जाएगा। इससे पूर्व कस्बे के पड़ाव चौक से मंदिर समिति के महामंत्री अनिरुद्ध शारदा के आवास से ध्वज यात्रा शुरू होगी, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु ध्वज लेकर पैदल बैंड बाजे की धुन पर नृत्य करते मंदिर पहुंचेंगे। मीरापुर से बिजनौर रोड पर तीन किलोमीटर चलने के बाद दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग किनारे शीतला माता मंदिर का गेट बना हुआ है। इस गेट से 1 किलोमीटर चलकर सिद्धपीठ शीतला माता बबरेवाली के मंदिर पहुंचा जाता है। नवरात्रो में श्रद्धालुगण यहां पर आकर प्रतिदिन प्रसाद चढ़ाते हैं।

### नवजात शिशुओं के मुंडन कराकर माता को समर्पित करते है बाल

मीरापुर, 16 मार्च (बु.)। मंदिर समिति के महामंत्री अनिरुद्ध शारदा बताते है कि मंदिर में श्रद्धालु अपने नवजात बच्चों के साथ पहुँचते हैं और उनके मुंडन कराकर माता रानी को उनके बाल समर्पित करते है। इसके अलावा नव विवाहित जोड़े यहां आकर माता के दरबार में माथा टेकते हैं तथा मुरादें मांगते हैं।

### तीन दिन चढ़ाया जाएगा मुख्य प्रसाद

मीरापुर, 16 मार्च (बु.)। इस बार मेले के दौरान 20 मार्च, 21 मार्च व 22 मार्च को मुख्य प्रसाद चढ़ाया जाएगा। दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा से बचाने के लिए तीन दिन प्रसाद चढ़वाने की व्यवस्था की गई है। इसके बाद 23 मार्च को ब्रह्मभोज व भंडारे का आयोजन होगा, जिसके उपरांत 24 मार्च मेले का समापन किया जाएगा।

# शाहपुर में विशाल शिविर में 350 मरीजों की आंखों की जांच

## - मोतियाबिंद के 170 मरीज ऑपरेशन हेतु चयनित



शाहपुर, 16 मार्च (बु.)। नगर में वरदान सेवा संस्थान गाजियाबाद की चिकित्सकों द्वारा गोपाल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में सैकड़ों लोगों की आंखों की जांच की गई। शिविर में 350 मरीजों के पंजीकरण एवं आंखों की जांच करने के साथ 170 मोतियाबिंद के रोगियों को आंखों के ऑपरेशन करने के लिए चिन्हित किया गया। इन चयनित रोगियों को गाजियाबाद ले जाकर लेंस विधि द्वारा उनका निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। आगंतुक अतिथियों ने शिविर आयोजकों को साधुवाद देते हुए कहा कि नर सेवा नारायण की सेवा के समान है। आयोजनकर्ता इस पुनीत कार्य के लिए बधाई के पात्र हैं। आयोजक श्याम पाल संगल भाई जी ने कहा कि पिछले कई वर्षों से निरंतर यह कैम्प लगाया जा रहा है। आज 51वां शिविर है। अब तक 5000 लोगों की आंखों का ऑपरेशन किया जा चुका है। शाहपुर की सबसे प्राचीन शिक्षण संस्था श्री राम गोपाल अग्रवाल सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर में गोपाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, पूर्व चेयरमैन परमेश सैनी, राजेश सिंघल, श्याम लाल बच्ची सैनी ने संयुक्त रुप से फीता काटकर कैम्प का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित भी किया गया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैंप व्यवस्थापक वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल संगल भाई जी, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व नगर कार्यवाह मणिकांत मित्तल प्रमुख समाज सेवी अशोक अग्रवाल उपस्थित रहे। सुबह 8:00 बजे प्रारंभ हुए शिविर में निर्धारित समय दोपहर 12:30 बजे तक कस्बे व आसपास गांवों के 350 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराते हुए आंखों की जांच कराई, जिसमें 170 मोतियाबिंद के मरीजों को आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इसके अलावा अन्य मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। कैम्प व्यवस्थापक श्याम पाल भाई जी, अरुण मित्तल ने बुलेटिन को बताया कि मोतियाबिंद के मरीजों का गाजियाबाद ले जाकर वरदान सेवा संस्थान में लेंस विधि द्वारा निःशुल्क आपरेशन किया जाएगा। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. के.के. उपाध्याय एवं वरदान सेवा संस्थान गाजियाबाद के प्रमुख पदाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि लोगों को अपनी आंखों की विशेष देखभाल करनी चाहिए। थोड़ी भी परेशानी होने पर चिकित्सकों से परामर्श लेना चाहिए। इस दौरान डॉ. के.के. उपाध्याय, डॉ. मणी प्रकाश त्यागी, डॉ. एस.के. शर्मा, डॉ. एस.के. सिंघल ने मरीजों की आंखों की जांच की। शिविर को सफल बनाने में श्याम पाल संगल भाई जी, अरुण मित्तल, मणिकांत मित्तल, अशोक अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, सरस्वती शिशु मंदिर सर्व व्यवस्था प्रमुख विनोद दीक्षित, प्रधानाचार्य मनोज शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सचिन संगल, अमन मित्तल, दिनेश पाल, रामनिवास, विकास कुमार, दुष्यंत त्यागी, रविंद्र सैनी, सुभाष बालियान दुलहरा आदि का योगदान रहा।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 16 मार्च, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 89500 | चांदी- | 99900 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 68785 |

## आपका आज का राशिफल

सोमवार, 17 मार्च, 2025

**मेष-** ग्रहयोग बेहतर, आ्थक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
**वृषभ-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
**मिथुन-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
**कर्क-** लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
**सिंह-** कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
**कन्या-** नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
**तुला-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
**वृश्चिक-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
**धनु-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
**मकर-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
**कुम्भ-** प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
**मीन-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## भाजपा नेता के बेटे पर धारदार हथियार से हमला

अलीगढ़, 16 मार्च (एजेंसी)। अलीगढ़ स्थित थाना क्वार्सी क्षेत्र के रामघनत्व रोड स्थित पंडित दीनदयाल अस्पताल के सामने वाली गली में शनिवार देर शाम कर सुबह कुछ लोगों ने भाजपा जिला महामंत्री शिवनारायण शर्मा के बेटे के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला बोलकर घायल कर दिया। मौहल्ले की एक युवती को एक युवक द्वारा पिछ्ले कई महीनो से परेशान करने का मामला बताया जा रहा है। इसी मामले में दोनों पक्ष बातचीत कर रहे थे। बातचीत के दौरान आरोपी पक्ष के लोगों ने मारपीट कर डाली। भाजपा के जिला महामंत्री शिवनारायण शर्मा पंडित दीनदयाल अस्पताल के सामने वाली गली में रहते हैं। इनका बेटा योगांक शर्मा गाजियाबाद से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। होली पर घर आया हुआ था। मोहल्ले का ही एक युवक जो जयपुर से इंजीनियरिंग कर रहा है, वह योगांक का मित्र है। शनिवार को उसने योगांक को बताया कि एक युवक पिछ्ले 6 महीने से उसकी बहन को लगातार परेशान कर रहा है। इस पर दोनों ने मिलकर परेशान करने वाले युवक की सोशल मीडिया पर आईडी तलाश कर ली और उसका नंबर भी पता कर लिया। दोपहर के वक्त परेशान करने वाला युवक योगांक के दोस्त से मिलने के लिए आया, जहां बातचीत के दौरान बहस हो जाने पर युवक ने दोस्त संग मारपीट कर दी और भाग गया। मारपीट करने वाले आईएमटी रोड पर रहने वाले आरोपी युवक के भाई के बारे में जानकारी कर उन्होंने इसकी शिकायत उसके बड़े भाई से फोन पर की। आरोप है कि देर शाम 8:00 बजे आरोपी युवक का बड़ा भाई 8-10 लोगों को दो गाड़ियों से लेकर पहुंच गया, जहां बातचीत के दौरान उन्होंने योगांक के साथ मारपीट कर दी। किसी धारदार हथियार से उसके सिर पर भी हमला कर दिया, जिससे योगांक घायल हो गया और अचेत हो गया। इस बीच आरोपी शोर पर लोगों को आता देख सुनकर गाड़ी लेकर भाग गए। भाजपा नेता ने बेटे को उपचार के लिए पंडित दीनदयाल अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है। घटना की जानकारी होने पर देर रात सांसद सतीश कुमार गौतम जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह उर्फ लाला समेत तमाम भाजपा नेता हाल-चाल जानने के लिए पहुंच गए।






# कलश यात्रा के साथ श्यामा श्याम मंदिर में कथा का शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)। नई मंडी गांधीनगर में श्री श्यामा श्याम मंदिर में कथा व्यास पं. जगमोहन भारद्वाज द्वारा पंडित हंसराज भारद्वाज ने पूजा कराकर विधि विधान से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया। कथा के प्रथम दिन रविवार को कथा के मुख्य यजमान मनोज अग्रवाल व अंजुल अग्रवाल ने 101 अन्य महिलाओं सहित सिर पर कलश लेकर श्री श्यामा श्याम मंदिर से इस कलश यात्रा का शुभारंभ कर, गांधीनगर के मुख्य मार्गों से होती हुई कलश यात्रा कथा स्थल पर कलश स्थापना के साथ विधिवत संपन्न हुई। व्यापसपीठ से कथा व्यास पं. जगमोहन जी महाराज ने कथा के प्रथम दिन भक्तों पर ज्ञान वर्षा करते हुए बताया कि वास्तव में सत्संग एवं श्रीमद्भागवत कथा से निश्चित ही मोक्ष प्राप्त होता है। महाराज श्री ने पहले दिन गरीब ब्राह्मण देव आत्मदेव और उनकी पत्नी धुंधली के पापी पुत्र धुंधकारी की कथा को विस्तार से सुनाया। उन्होंने बताया कि किस तरह से धुंधकारी के अत्याचार से पीड़ित लोगों ने उसे मार दिया और उसके मरणोपरांत वह प्रेत बन गया। बाद में उसके भाई गोकर्ण द्वारा किए गए पिंडदान से भी उसकी मुक्ति नहीं हुई, तब विद्वानों ने गोकर्ण को बताया कि उसकी मुक्ति मात्र भागवत कथा श्रवण से ही है। गोकर्ण ने भागवत कथा करवाई, जिसमें प्रेत बने धुंधकारी ने पूर्ण कथा सुनी। कथा उपरांत ईश्वर उसको स्वयं लेने आए। श्री श्यामा श्याम मंदिर में कथा रोजाना अपराह्न 3 बजे से सायं 6 बजे तक होगी। कथा में मुख्य रूप से ललित अग्रवाल, हरीश गोयल, पं. हंसराज भारद्वाज, संजय शर्मा, संजीव गौतम, अमरनाथ प्रजापति, डॉ कुलदीप, अन्नू अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, पुलकित, अजय कुमार, लोकेश चंद्रा, रमेश गुप्ता, मनोज सेठी आदि मौजूद रहे।

## जमीन के विवाद को लेकर धारदार हथियार से हमला, महिला सहित तीन घायल

सिखेड़ा, 16 मार्च (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव मंदौड़ में जमीन के विवाद को लेकर परिवार के ही लोगों ने महिला व दो भाइयों को घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गांव मंदौड़ निवासी मनोज, मनीष पुत्रगण नरेश कुमार का अपने ही परिवार के देशराज, मेघराज, सहन्दरपाल, सोमपाल, पुत्रगण ब्रह्म सिंह के साथ काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार की सुबह लगभग 11 बजे जब दोनों भाई घर पर खाना खा रहे थे, तभी देशराज, मेघराज, सहंसर पाल, सोमपाल, अनुज पुत्र देशराज, अंकित पुत्र मेघराज ने धारदार हथियार से मनोज के घर पर हमला कर दिया। आरोपितों ने बलकटी से मनोज पर वार करने शुरू कर दिए। मनोज को बचाने के लिए आए मनीष और मनोज की पत्नी राजकुमारी पर भी हमला बोल दिया। तीनों को गंभीर रूप से घायल करके आरोपित वहां से फरार गए। किसी ने झगड़े की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों घायलों को सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया, जहां से मनोज की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसको हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि झगड़े की तहरीर आ गई है। मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।




## ज्योतिबा फुले को भारत रत्न दे सरकारः नरेश सैनी

मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)। राष्ट्रीय सैनी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत रत्न मिलना चाहिए। उन्होंने ही देश के दलित व अति पिछड़ों में शिक्षा की शुरूआत की। गांधी कॉलोनी स्थित ब्रजपाल सैनी के आवास पर राष्ट्रीय सैनी सभा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में नरेश सैनी ने कहा कि देश के दलितों, पिछड़ों और महिलाओं में शिक्षा की क्रांति लाने वाले ज्योतिबा फुले भारत रत्न के असली हकदार है। देश की जातिवादी व्यवस्था ने उनका यह हक छीना है। उन्होंने भाजपा की केंद्र सरकार से मांग की कि यदि वह दलित और अति पिछड़ों के हितैषी हैं तो महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत रत्न दें। नरेश सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर थानाभवन में 13 अप्रैल को एक कार्यक्रम किए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर समाज की हस्तियों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी प्रदेश मीडिया प्रभारी रणवीर सिंह सैनी को सौंपी। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र सैनी ने कहा कि संगठन सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध अभियान चलाने के साथ युवाओं के भविष्य को लेकर कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। इस दौरान ब्रजबंधु सैनी, भोपाल सिंह सैनी, प्रवीण सैनी, राधेश्याम सैनी, दामोदर सैनी, नीरज सैनी, अशोक सैनी, रकम पाल सिंह, सत्यवीर सिंह सैनी, रघुपाल सैनी, यशपाल सैनी, बाबू राम, गजे सिंह, मोहित, देवासु, पूरनचंद, मुकुल आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से उमंग और उत्साह के साथ मनाया होली का त्यौहार

## - पुलिस व एलआईयू टीम ने भी खेली होली





मीरापुर, 16 मार्च (बु.)। मीरापुर कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र में लोगों ने प्रेम व सौहार्द के साथ होली का त्यौहार परम्परागत तरीके से धूमधाम से मनाया। इस दौरान होली की मस्ती में मस्त मतवालों ने जमकर रंग व गुलाल उड़ाया तथा डीजे की थाप पर जमकर डांस किया और एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह से ही होली का रंग लोगों पर सुरूर बनकर चढ़ गया था, सुबह से ही लोग एक-दूसरे पर रंग व गुलाल लगाकर होली की बधाई देने में जुट गए थे। कस्बे में अनेकों स्थान पर डीजे लगाए गए थे तथा महिलाएं-पुरुष व बच्चे एक-दूसरे को रंग लगाकर डीजे की धुन पर होली की मस्ती में मगन होकर डांस कर रहे थे। इसके अलावा बुजुर्गों की टोली ढोल के साथ पारंपरिक फगवा गीत गाते हुये गली-मौहल्लों से गुजरकर होली की बधाई देते दिखाई दी। महिलाओं ने घरों में गुंजिया, पकौड़ी, मठरी, ठंडाई व अन्य पकवान बनाये थे, जिन्हें खाकर लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनन्द लिया। मीरापुर क्षेत्र में लोगों ने पूरे उत्साह व उमंग के साथ होली का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया। मीरापुर थाने में पुलिस ने भी शनिवार को जमकर होली खेली। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने थाने में डीजे लगाकर होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया तथा एक-दूसरे पर रंग व गुलाल डालकर होली की बधाई दी। इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा व इंस्पेक्टर क्राइम सुनील कुमार मिश्रा ने अपने अधीनस्थों को होली की बधाई दी। दुल्हेंडी के अवसर पर किसी भी घटना को लेकर एलआईयू टीम क्षेत्र में सक्रिय रही। इस दौरान एलआईयू इंस्पेक्टर आकाश सक्सेना, एसआई आनन्द शर्मा अपनी टीम में शामिल गोविन्द यादव, सुभाष कुमार, व मोनू कुमार के साथ मीरापुर में प्रेस क्लब अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार राहुल शर्मा के आवास पर पहुँचे और उनके साथ होली खेली तथा सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई दी।

## एमपीएल टी-20 टूर्नामेंट के लिए तय ट्रायल अब 18 को

मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)। क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह का कारण बने एमपीएल टी-20 टूर्नामेंट के लिए तय ट्रायल टल गया है, अब मंगलवार 18 मार्च को स्पोर्टस स्टेडियम में सुबह के समय यह ट्रायल होगा। रविवार को मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से सचिव मनोज पुंडीर ने बताया कि एमपीएल टी-20 के आयोजन के लिए अब मंगलवार 18 मार्च को चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल होगा, इससे पहले 15 मार्च को होने वाला ट्रायल बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया था। एसोसिएशन सचिव मनोज पुंडीर के अनुसार जनपद के प्रथम एमपीएल टी-20 टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह है। यह लीग जनपद मुजफ्फरनगर और शामली के क्रिकेट के सभी खिलाड़ियों के लिए प्रतिभा प्रदर्शन का एक बेहतर माध्यम भी साबित होगी। उन्होंने बताया कि अभी तक ऑनलाइन 212 क्रिकेटरों ने अपना पंजीकरण करा लिया है। अब ऑनलाइन पंजीकरण बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 5 अप्रैल से प्रस्तावित लीग के लिए चुने गए खिलाड़ियों को ऑक्शन के जरिए 8 टीमों में विभाजित किया जाएगा। इस ट्रायल के माध्यम से कुल 96 क्रिकेट के खलाड़ियों को चुना जाएगा, जबकि कोई भी टीम इसमें प्रदेश स्तर के दो खिलाड़ी बाहर से खिला सकेगी।

# नशे में धुत युवक ने स्कूल में घुसकर शिक्षिका से बदसलूकी कर किया हंगामा



मेरठ, 16 मार्च (एजेंसी)। मेरठ के रोहटा विकास खंड के गांव जिटौला में स्थित प्राथमिक विद्यालय के अन्दर शराब के नशे में घुसकर युवक ने जमकर उत्पात मचाया। कार्यवाहक प्रधानाध्यापक के विरोध करने पर आरोपित ने राजस्थान के बदमाश के नाम से ग्राम प्रधान तथा अध्यापकों को धमकी दी। नशेड़ी युवक कक्षा में पढ़ रहे बच्चों को भी बाहर निकालकर घर भेजने लगा। आरोपित ने स्कूल में कपड़े निकालकर अर्दनग्न होकर जमकर उत्पात मचाया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आरोपित को पकड़कर पुलिस को सौंपा। घटना की वीडियो प्रसारित हो गई। अध्यापिका ने आरोपित के खिलाफ तहरीर दी है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जिटौला गांव में स्थित प्राथमिक विद्धयालय में शनिवार की दोपहर को गांव निवासी शिवकुमार पुत्र रमेश शराब पीकर घुस गया। स्कूल में बैठी कार्यवाहक प्रधानाध्यापक रूचि मित्तल तथा अन्य स्टाफ के सामने उत्पात मचाने लगा। स्कूल में मौजूद लोगों ने आरोपी को रोकने का प्रयाय किया तो कपड़े निकाल कर अर्धनग्न हो गया। इस दौरान कमरे में पढ़ रहे बच्चों को भी आरोपित ने बाहर निकाल कर खड़ा कर दिया। आरोपित की पेंट में शराब की बोतल भी दिखाई दे रही है। स्टाप ने आरोपित की मोबाइल से वीडियो बनाने लगे तो आरोपित ने राजस्थान के कुख्यात बदमाश पपल गुर्जर के नाम से अध्यापकों तथा ग्राम प्रधान को भी धमकी देने लगा। स्कूल में पहुंचे ग्रामीणों ने आरोपित को पकड़कर जमकर धुनाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लिया। स्कूल की कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका ने आरोपित के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है। वीडियो को साक्ष्य मानकर प्रधानाध्यापिका की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## युवती ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

चरथावल, 16 मार्च (बु.)। एक युवती ने गांव के ही एक व्यक्ति पर बदनीयती से जबरदस्ती उठा ले जाकर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया। चरथावल थाना-क्षेत्र के एक गांव की युवती ने दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार की शाम को गोबर पाथने के लिए गांव से बाहर पथवारे में गयी थी। आरोप है कि गोबर पाथते समय गांव के तिरपाल ने बदनीयती से पीछे आकर दबोच लिया और जबरदस्ती उठाकर पास ही स्थित अपने नलकूप के कमरे पर ले गया और छेड़छाड़ करने लगा। जोर-जोर से चिल्लाते हुए आरोपित के चंगुल से छूटकर भागी। भागते समय कान का कुंडल भी वहीं गिर गया था। पीड़िता ने घर पहुंचकर स्वजन को जानकारी दी। स्वजन के साथ पहुंचकर पीड़िता ने आरोपित के विरुद्ध तहरीर दी।

# लाला जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज में प्रवेश परीक्षा संपन्न



मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)। जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को कक्षा प्ले से कक्षा 5 तक में प्रवेश को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। रविवार को संपन्न हुई प्रवेश परीक्षा में कुल 161 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस सत्र से विद्यालय में प्राइमरी विंग का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसके लिए कक्षा प्ले से कक्षा 5वीं तक में प्रवेश के लिए पिछले एक माह से रजिस्ट्रेशन किए जा रहे थे। प्रवेश परीक्षा में कुल 161 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। रविवार को उक्त सभी बच्चों की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। प्रवेश परीक्षा पूर्णतया कंप्यूटर पर आधारित रही। इस दौरान सभी बच्चों को नवसर्जित व सुसज्जित कक्षाओं का भ्रमण भी कराया गया। उन्होंने बताया कि प्राइमरी विंग में शिक्षण मात्र अंग्रेजी माध्यम से एक्टिविटी व प्रोजेक्टर बेस्ड होगा। इसके लिए प्रत्येक कक्ष में डिजिटल इंटरएक्टिव पैनल लगाए गए हैं। साथ ही सभी क्लासरूम एयर कंडीशंड होंगे। उन्होंने बताया कि छात्र अध्यापक अनुपात ही सर्वश्रेष्ठ कौशल शिक्षण का माध्यम है। इसे ही दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक कक्षा में केवल 20 छात्रों का ही प्रवेश लिया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र कुमार गर्ग ने प्राइमरी विंग के शुभारंभ के अवसर पर अपनी शुभकामनायें प्रदान की। प्रवेश परीक्षा में वरिष्ठ शिक्षक महेश कुमार, कार्यालय अधीक्षक केएन पंत, प्रविन्द्र सिंह, रीता मावी, शुभम जैन, विक्रांत सैनी, पवन सैनी, अमित पंवार, नीलम सैनी, विपिन यादव, एकांश मित्तल आदि का सहयोग रहा।

# राहुल गांधी आखिर दौड़-दौड़कर वियतनाम ही क्यों जा रहे हैं?

नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसी)। राजनैतिक बयानबाजियों के बीच भाजपा ने राहुल गांधी को लेकर बड़ा सवाल खड़ा किया है। शनिवार को भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने दावा किया था कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र की तुलना में अपना ज्यादा से ज्यादा समय वियतनाम में बिता रहे हैं। उनके वियतनाम यात्रा को लेकर भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी को अपने दक्षिण पूर्वी एशियाई देश के प्रति असाधारण लगाव के बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, राहुल गांधी कहां हैं। मैने सुना है कि वह वियतनाम गए हैं। वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में ज्यादा दिन नहीं बिताते। अचानक वियतनाम के प्रति उनके इतने प्रेम का क्या कारण है? वहीं इस सवाल को लेकर भाजपा ने जवाब की उम्मीद की है। इस मामले में रविशंकर प्रसाद ने कर्नाटक सरकार पर सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले को लेकर भी निशाना साधा है। साथ ही उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नए साल के दौरान भी दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश में थे और उन्होंने वहां करीब 22 दिन बिताए थे। एक बार फिर से वे वियतनाम चले गए हैं। उन्होंने कहा कि गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं और उन्हें भारत में उपलब्ध रहना चाहिए। राहुल गांधी को वियतनाम के प्रति अपने असाधारण लगाव के बारे में बताना चाहिए। उस देश की उनकी बार-बार यात्रा बहुत ही आश्चर्यजनक है। भाजपा लंबे समय से राहुल गांधी की विदेश यात्राएं को निशाना बनाती रही है। इस पर कांग्रेस ने भाजपा पर राहुल गांधी के निजी दौरे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने दलील दी कि एक व्यक्ति के तौर पर उन्हें विदेश यात्रा करने का अधिकार है।

# बीसीसीआई के नए नियम से जरा भी खुश नहीं हैं कोहली




नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसी)।भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बीसीसीआई के नए नियम (विदेशी दौरों में परिवार के साथ बिताए जाने वाले सम को कम कर दिया) इससे नाखुश है। उनका मानना है कि ऐसे फैसले लेने वाले लोगों को दूर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब खिलाड़ी दौरों पर मुश्किल दौर से गुजरते हैं तो परिवारों उनका सहारा बनता है। 36 साल के किंग कोहली हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे और उन्होंने टीम इंडिया की जीत में टूनार्मेंट में अहम योगदान दिया। दरअसल, विराट कोहली ने आरसीबी इनोवेशन लैब इंडियन स्पोर्ट्स समिट के दौरान कहा कि परिवारों की मौजदूगी काफी अहम होती हैं। उन्हें लगता है कि परिवार जब साथ होता है, तो खिलाड़ियों के लिए संतुलन लाने में मदद होती हैं, जो मैदान पर मुश्किल दौर से गुजर रहे होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को यह समझाना बहुत मुश्किल है कि हर बार जब आपके पास कुछ ऐसा होता है जो बहुत मुश्किल होता है, जो बाहर होता है, तो अपने परिवार के पास वापस आना कितना अच्छा होता है। कोहली ने साथ ही कहा कि अगर आप किसी खिलाड़ी से पूछोगे कि आप क्या चाहते हैं कि आपका परिवार हर समय आपके आस-पास रहे? तो जवाब मिलेगा हां। मैं कमरे में जाकर अकेले बैठकर उदास नहीं रहना चाहता। मैं सामान्या होना चाहता हूं। फिर आप अपने खेल को सही मायने में जिम्मेदारी के रूप में देख सकते हैं। आप इस जिम्मेदारी को पूरा करते हैं और आप जीवन में वापस आते हैं। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जब भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेलने गई थी, तब उसे 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद बीसीसीआई ने सख्त नियम बनाए, जिसमें ये रहा कि प्लेयर्स पूरे टूर के दौरान परिवार और पत्नियों के साथ सफर नहीं कर सकेंगे, ताकि उनके परफॉर्मेंस पर इसका असर न पड़े। 45 दिन से ज्यादा के टूर पर हो हफ्तों के बाद ही उनका परिवार शामिल हो सकेंगे और 14 दिनों से ज्यादा नहीं उनकी फैमिली रह सकेगी। छोटे टूर पर, परिवार एक हफ्त तक खिलाड़ी के साथ रह सकते हैं। अगर किसी प्लेयर को फैमिली के साथ या अगल से जर्नी करनी है तो हेड कोच और सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन से इसकी इजाजत लेनी होगी।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## एम.के. स्टालिन और पवन कल्याण

तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। तमिलनाडु के मुख्यमन्त्री एम.के. स्टालिन और उनकी पार्टी डीएमके की हालत कुछ ज्यादा अच्छी नहीं है। वो भाजपा सरकार विरोध करते-करते गलत रास्ते पर टहलने निकल जाते हैं, वो जो भी मुद्दा उठाते हैं, उसी की हवा निकल जाती है। उन्हें कोई दमदार मुद्दा नहीं मिल रहा हैं। अब उन्होंने भाषा का मुद्दा उठाया, तो आंध्र के उपमुख्यमन्त्री और स्टार पवन कल्याण उसके विरोध में आए। फिर उनका विरोध साऊथ फिल्मों के विलेन ने किया। एम.के. स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने कुछ समय पहले सनातन को बीमारी बता कर उसके समूल नाश की बात कही थी। इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें कई महीनों तक लताड़ा गया। उनके इस बयान के विरोध में बयान आए, लेकिन पक्ष में बयान नहीं आए, यानि तमिलनाडु की इस सरकार के मुख्यमन्त्री और उनके बेटे के सनातन विरोध को भी जन समर्थन नहीं मिला इस कारण दोनों पिता-पुत्र परेशान हैं। अब छटपटा कर तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने इस बार राज्य के बजट से 'रूपये' का सिंबल हटाते हुए उसे एक अन्य सिंबल से रिप्लेस कर दिया है। इसके बाद भी उनकी आलोचना हो रही है। कुछ लोग उनके कदम को सही ठहरा रहे हैं, तो बहुत से लोग इसे निकृष्ट राजनीति बता रहे हैं। देशभर में रूपये का सिंबल बजट का आधिकारिक प्रतीक है, लेकिन तमिलनाडु की सरकार ने इसे ही रिप्लेस कर दिया है, रूपये के सिंबल को जिस अक्षर सिंबल से रिप्लेस किया गया है, वह तमिल लिपि का अक्षर 'रु' है। यहां खास बात यह है कि पहली बार किसी राज्य ने रूपये के सिंबल में बदलाव किया है। देश में रुपए का जो सिंबल है, उसका डिजाइन उदय कुमार धर्मलिंगम ने बनाया था, जो कि पेशे से एक शिक्षाविद और डिजाइनर हैं। उनका डिजाइन पांच शॉर्ट लिस्टेड सिंबल में से चुना गया था। हैरान करने वाली बात यह है कि उदय कुमार धर्मलिंगम तमिलनाडु विधानसभा में डीएमके यानी एमके स्टालिन की ही पार्टी से विधायक रह चुके एन. धर्मलिंगम के बेटे हैं। उन्होंने 2010 में इस डिजाइन को बनाया था, जिसे आधिकारिक तौर पर भारत सरकार ने अपना लिया था। उदय कुमार धर्मलिंगम तमिलनाडु के कल्लाकुरिची के रहने वाले हैं, जब यह डिजाइन पास किया गया, तब मोदी सरकार नहीं थी, तो इस डिजाइन का विरोध अब क्यों हो रहा है, तब क्यों नहीं किया? यह सवाल उठाया जा रहा है। तमिलनाडु सरकार का ये फैसला ऐसे समय आया है, जब पहले ही से तमिलनाडु में हिंदी के विरोध को लेकर सियासी जंग छिड़ी हुई है। हाल ही में तमिलनाडु के सीएम एम.के. स्टालिन ने जबरन हिंदी थोपने का आरोप लगाया था। ये दोनों मुद्दे ऐसे हैं, जिन पर जनता ज्यादा ध्यान नहीं दे रही है यानि इन मुद्दों की भी हवा निकल रही है, क्योंकि जिस अक्षर का विरोध किया जा रहा है, उसके रचियता तमिलनाडु ही के हैं। तमिलनाडु के लोग गर्व करते हैं कि हमारे राज्य के व्यक्ति के डिजाइन को 15 वर्ष पहले पास किया गया। एम.के. स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा था, अखंड हिंदी पहचान की कोशिश के कारण प्राचीन भाषाएं खत्म हो रही हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश कभी भी हिंदी के इलाके नहीं रहे, लेकिन अब उनकी असली भाषा भूतपूर्व की प्रतीक चिन्ह बनकर रह गई हैं। स्टालिन ने दूसरे राज्यों के लोगों से अपील करते हुए कहा था, दूसरे राज्य में रहने वाले मेरे भाइयों और बहनों, क्या आपने कभी इस बारे में विचार किया है कि हिंदी भाषा ने न जाने कितनी दूसरी भाषाओं को लील लिया है। मुंडारी, मारवाड़ी, कुरुख, मालवी, छत्तीसगढ़ी, संथाली, कुरमाली, खोरठा, मैथिली, अवधी, भोजपुरी, ब्रज, कुमाऊंनी, गढ़वाली, बुंदेली और कई सारी भाषाएं अब अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही हैं। इस निचले दर्जे की सियासत को देखकर आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण आगे आए, उन्होंने तमिलनाडु में हो रहे हिंदी विरोध को लेकर स्टालिन सरकार की आलोचना की और हिंदी थोपने को लेकर कहा कि ये सिर्फ पाखंड है। पवन कल्याण ने हिंदी विरोध को लेकर तमिलनाडु सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुझे ये समझ नहीं आता कि क्यों कुछ लोग संस्कृत का विरोध करते हैं और तमिलनाडु में क्यों हिंदी विरोध हो रहा है, जबकि तमिल फिल्मों से रुपये कमाने के लिए वहां की फिल्मों को हिंदी में डब किया जाता है। वो लोग बॉलीवुड की फिल्मों से पैसे कमाना चाहते हैं, लेकिन हिंदी को नहीं अपनाना चाहते। मुझे समझ नहीं आता कि ये किस तरह का लॉजिक है। पवन कल्याण के आरोपों को खारिज करते हुए डीएमके नेता एलंगोवन ने कहा कि उन्हें ये याद होना चाहिए कि राज्य में 1938 से ही हिंदी का विरोध हो रहा है। हमने राज्य की विधानसभा में कानून पारित किया था कि तमिलनाडु हमेशा दो-भाषा के फॉर्मूले का पालन करेगा, क्योंकि यह शिक्षा विशेषज्ञों की सलाह और सुझावों पर आधारित था अभिनेताओं की नहीं। यह बिल 1968 में ही पारित हो गया था, जब पवन कल्याण का जन्म भी नहीं हुआ था। उन्हें तमिलनाडु की राजनीति का पता नहीं है। उन्होंने कहा, यह पहली बार नहीं है, जब हमने हिंदी का विरोध किया है, क्योंकि हमारा मानना है कि मातृभाषा में शिक्षा लोगों को प्रशिक्षित करने का सबसे अच्छा तरीका है। साउथ सुपरस्टार और तमिलनाडु के डिप्टी सीएम पवन कल्याण का ये बयान साउथ में हिंदी भाषा के विरोध पर आया था। इसके सामने आते ही प्रकाश राज ने उन पर हिंदी भाषा थोपने के आरोप लगाए हैं। भाषा की इस लड़ाई में अब पवन कल्याण ने प्रकाश राज को भी करारा जवाब दिया है। प्रकाश राज ने साउथ भाषा का सपोर्ट कर लिखा था, अपनी हिंदी भाषा हम पर मत थोपो का मतलब है, दूसरी भाषा से नफरत किए बिना अपनी मातृभाषा और अपनी मां की रक्षा गर्व से करना। ये बात कोई पवन कल्याण को बताओ प्लीज। प्रकाश राज को मोदी विरोधी के रूप में जाना जाता है। पवन कल्याण ने प्रकाश राज पर भड़कते हुए लिखा है, किसी भाषा का जबरन थोपा जाना या किसी भाषा का आंख मूंदकर सिर्फ विरोध किया जाना, दोनों ही प्रवृत्ति हमारे भारत देश की राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकता के मूल उद्देश्य को प्राप्त करने में सहायक नहीं है। मैंने कभी भी हिंदी भाषा का विरोध नहीं किया। मैंने सिर्फ इसे सबके लिए अनिवार्य बनाए जाने का विरोध किया, जब एनईपी-2020 खुद हिंदी को अनिवार्य तौर पर लागू नहीं करता है, तो इसके लागू किए जाने के बारे में गलत बयानबाजी करना जनता को भ्रमित करने के अलावा और कुछ नहीं है। तमिलनाडु के लोग इसे स्टालिन की भटकी हुई राजनीति के तौर पर देख रहे हैं।

### चार रंग

सुनील उत्सव

**'चाल' 'सोच' 'शैतान' 'मेकप'**

सभी की चाल अपनी है, सभी की सोच अपनी है,
यही वो बात है प्यारे, जिसे तुमको समझना है।
यहां सजधज के मेकप में, बड़े शैतान बैठे हैं,
तुम्हें पहचान करनी है, तुम्हें बचकर निकलना है।







# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

## - पीले परिधानों में चेयरपर्सन समेत अन्य महिलाएं रही शामिल - स्वामी ओमानंद महाराज ने किया कथा का दीप प्रज्ज्वलित

**मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)।** एटूजेड कॉलोनी स्थित श्री राधा माधव मंदिर प्रांगण में सोमवार को पूजा-अर्चना के साथ भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पीले वस्त्रों में सुसज्जित महिलाओं ने बैंड बाजों के साथ प्रारंभ हुई कलश यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन पर पहुंचने के बाद कथा स्थल पर इन कलशों की स्थापना के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हो गया। कलश यात्रा में मुख्य रूप से पालिका अध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप व पूर्व पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल समेत सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रही। इस दौरान पंडितों द्वारा विधिवत पूजन संपन्न कराया गया। श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन कथा व्यास पूज्य अरविन्द जी महाराज ने कहा कि वास्तव में श्रीमद् भागवत कथा हमारे मन की व्यथा को दूर करती है। श्रीमद् भागवत कथा श्रवण महात्म्य में धुंधकारी की कथा को विस्तार से बताते हुए महाराज श्री ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से श्रवणकर्ता व्यक्ति के पूर्वज तक उत्तम गति प्राप्त करते हैं। इस दौरान कथा के मुख्य अतिथि भागवत पीठ शुकतीर्थ से स्वामी ओमानंद ब्रह्मचारी जी महाराज ने पहुंचकर दीप प्रज्ज्वलित कर कथा का शुभारंभ कराया। वहीं महामृत्युंजय सेवा मिशन अध्यक्ष संजीव शंकर जी महाराज ने व्यास पीठ का पूजन किया। कथा के मुख्य यजमान अजय तायल एवं विनोद सिंघल ने सपत्नीक श्री गणेश पूजन, व्यास पीठ का पूजन इत्यादि संपन्न कराया। भागवत कथा में मुख्य रूप से इस दौरान पूर्व विधायक अशोक कंसल, सत्य प्रकाश मित्तल, अजय अग्रवाल, योगेंद्र मित्तल, पुरुषोत्तम सिंहल, अजय तायल, विनोद सिंघल, प्रदीप गोयल, योगेश सिंघल (भगत जी) सत्य प्रकाश रेशू, उपेंद्र बंसल, संजय गुप्ता, आशुतोष कुच्छल, मित्रसैन अग्रवाल, विनोद गुप्ता, अचिन कंसल, तेजराज गुप्ता, राकेश अग्रवाल, अमित सिंघल, श्रवण सर्राफ, महेश जिंदल, अनूप कुच्छल, भुवनेश गुप्ता व राकेश अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# माता वैष्णो देवी मंदिर में दान का नया रिकॉर्ड

**जम्मू-कश्मीर, 16 मार्च (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था हर साल नए मुकाम छू रही है। यही वजह है कि बीते पांच वर्षों में दान और चढ़ावे की राशि में ऐतिहासिक उछाल देखा गया है। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 (जनवरी तक) में मंदिर को श्रद्धालुओं से 171.90 करोड़ रुपये का दान प्राप्त हुआ, जबकि यह राशि 2020-21 में केवल 63.85 करोड़ रुपये थी। इस अवधि में सोने और चांदी के चढ़ावे में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है, जो मंदिर की बढ़ती लोकप्रियता और श्रद्धालुओं की गहरी आस्था को दर्शाती है। श्राइन बोर्ड की ओर से आरटीआई के तहत साझा की गई जानकारी के अनुसार वर्ष 2020-21 में श्रद्धालुओं ने मंदिर में 9.075 किलोग्राम सोना चढ़ाया था जो 2024-25 (जनवरी तक) बढ़कर 27.717 किलोग्राम हो गया। वहीं चांदी के चढ़ावे में और भी बड़ा उछाल देखने को मिला। वर्ष 2020-21 में 753.630 किलोग्राम चांदी चढ़ाई गई थी, जबकि इस वित्त वर्ष में अब तक यह 3424.538 किलोग्राम तक पहुंच गई है। कोरोना महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया ठहर सी गई थी उस वक्त माता वैष्णो देवी मंदिर भी इससे अछूता नहीं रहा। महामारी के चलते मंदिर को पांच महीने तक बंद रखना पड़ा था और 16 अगस्त 2020 को इसे श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोला गया। 2020 में केवल 17.20 लाख श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे थे, जो सामान्य वर्षों की तुलना में बहुत कम था। हालांकि जैसे ही हालात सामान्य हुए भक्तों की भीड़ एक बार फिर से उमड़ पड़ी और मंदिर ने हर साल श्रद्धालुओं की रिकॉर्डतोड़ संख्या दर्ज की।

# कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार से मिला शिक्षक प्रतिनिधिमंडल

## - पुरानी पेंशन बहाली को लेकर न्याय दिलाए जाने की मांग

**मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)।** योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार प्रदेश के 40 हजार से अधिक शिक्षकों की पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग के अफसरों के कथित गैर तथ्यात्मक अड़चन पैदा कर पुरानी पेंशन के लाभ से दूर करने के मामले में मुख्यमंत्री से मजबूत पैरवी करेंगे। वहीं बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह से सकारात्मक हल कराकर शीघ्र इस मामले का निस्तारण कराया जायेगा। विशिष्ट बीटीसी-2004 बैच जनपद मुजफ्फरनगर के शिक्षक मंडल के शिक्षकों ने रविवार को यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री व पुरकाजी विधायक अनिल कुमार के आवास पर पहुंच मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जारी मेमोरेंडम के क्रम में विशिष्ट बीटीसी-2004 बैच के शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किए जाने में भौतिक तथ्यों से परे रख कर नौकरशाह द्वारा गुमराह करने का माहौल प्रदेश में पैदा कर दिया है, जिसका सीधे असर 40 हजार से अधिक



शिक्षकों पर पड़ रहा है। शिक्षकों ने बताया कि पुरानी पेंशन योजना के दायरे में आ रहे शिक्षकों को पुरानी पेंशन देने में अड़चनें पैदा कर लाभ को बाधित किया जा रहा है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार के आवास पर पहुंचे शिक्षकों को मंत्री अनिल कुमार ने आश्वस्त करते हुए स्पष्ट किया कि विशिष्ट बीटीसी 2004 बैच का पूरा मामला कैबिनेट के संज्ञान में है और इस संबंध में मुख्यमंत्री से स्वयं व्यक्तिगत वार्ता कर शिक्षकों के हित में फैसला लिया जाएगा। इस दौरान शिक्षक अजय गुप्ता, राहुल गोस्वामी, डॉ. संजीव वर्मा आदि ने कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार को बताया कि बीते 22 जनवरी 2004 को प्रकाशित विज्ञापन हमारा प्रशिक्षण/नियुक्ति का विज्ञापन है, इस संबंध में उच्च अधिकारियों द्वारा गलत व्याख्या की जा रही है कि यह मात्र प्रशिक्षण का विज्ञापन था न कि नियुक्ति का। इस संबंध में ज्ञापन के साथ आरटीआई द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना व अन्य कागजात भी मंत्री को दिये गये। शिक्षक प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से अयोध्या प्रसाद शर्मा, पंकज कुमार, जगत सिंह, सुभाष, मांगेराम, विकास कुमार, प्रवीण सैनी, अमित स्वरुप शर्मा, विशाल गौतम, शिव शर्मा, सुनील कुमार, रश्मि माला, शिमला देवी, बीना शर्मा, नीलम सैनी, सूरज कुमार, शैलेंद्र सिंह, सत्येंद्र कुमार आदि शिक्षक-शिक्षिका शामिल रहे।







# नगर के गणमान्य लोगों ने समाजसेवी अर्जुन अग्रवाल को दी विनम्र श्रद्धांजलि



**मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)।** नगर के प्रमुख समाजसेवी व धार्मिक कार्यों में आस्था रखने वाले मनु स्वीटस के स्वामी अर्जुन अग्रवाल को नगर के गणमान्य लोगों ने विनम्र श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सुमन अर्पित करते हुए नगर के गणमान्य लोगों ने परिवार को ढांढ़स बंधाया और कहा कि वास्तव में समाजसेवी अर्जुन अग्रवाल एक शानदार जीवन जीकर गये हैं। प्रत्येक दिलों में उनके लिए जो प्रेम था वह आज श्रद्धांजलि सभा के दौरान दिखाई दे रहा है। जानसठ रोड स्थित साशी फार्मस के हॉल में हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने व परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की कामना की। श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, भीम कंसल, राकेश बिन्दल, सतीश गोयल, सुरेन्द्र अग्रवाल, सुनील सिंघल आदि ने कहा कि अर्जुन अग्रवाल जी एक मिसाल छोड़कर गये हैं कि जीवन बेसक छोटा जियो मगर उसे इतने शानदार ढंग से जियो की आप बेसक संसार से मुक्त हो जायें, मगर लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाकर संसार से जायें। इस अवसर पर पगड़ी उनके ज्येष्ठ पुत्र अभिनव अग्रवाल को बांधी गयी। श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर परिवार से पत्नी अर्चना अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल-श्रुति अग्रवाल, परमात्मा शरण अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, संदीप-सीमा गर्ग, किशन-प्रीति अग्रवाल, राजू-रीना अग्रवाल, पीयूष-रचना अग्रवाल, दीप-ममता अग्रवाल, अभिनव-आंचल गर्ग, कार्तिक-निकिता अग्रअवाल, अर्पित-पूजा गर्ग, पुष्पा-राजेन्द्र अग्रवाल, पूनम-अरूण जैन, नीता-राजीव अग्रवाल, सोनिया-संजय अग्रवाल, मुकेश जैन, प्रीति तायल-अमित तायल, ईनाक्षी गर्ग-अर्पित गर्ग, श्वेता गुप्ता-निहार गुप्ता, आदित्य-अदिति, मुदित, वंश, वेदांश, नायरा, श्रीदा, मनन, अमय, नन्दनी, वियाना, वाणी, राकेश बिंदल, सतीश गोयल, भीम कंसल, पंकज अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, प्रवीण खेड़ा, मयंक बिंदल, पंकज गोयल, विपुल भटनागर, अंकित बिंदल, डॉ. सुधीर लूथरा, अंकित संगल, कुश पुरी, शोभित गुप्ता, गिरीश अरोड़ा, पंकज जैन, अंजू अग्रवाल, राजीव गर्ग, विनोद कुमार, रघुराज गर्ग, मनेश गुप्ता, अतुल गर्ग, विशाल कालरा, कृष्ण गोपाल मित्तल, विनोद खेड़ा, सुनील सिंघल, शिशुकांत गर्ग, प्रेम प्रकाश अरोड़ा, जे.पी. चाचा, सतीश गर्ग, अभिषेक अग्रवाल, तारिक कुरैशी, डॉ. बैकुंड अग्रवाल, विख्यात बिंदल, विनोद डावर, पवन गोयल, राहुल गोयल, नरेंद्र गोयल, राजकुमार जैन, मनीष कपूर, रचित सिंघल, राजेंद्र सिंघल, पीयूष अग्रवाल, महेश बंसल, अरविंद भारद्वाज, सलेक चंद पाल आदि मौजूद रहे

# एक ही गांव के 11 युवक-युवतियों ने यूपी पुलिस में चयनित होकर रचा इतिहास

**मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (एजेंसी)।** प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 2023 के अंतिम परिणामों ने उत्तर प्रदेश के हजारों युवाओं के साथ मुजफ्फरनगर के युवाओं को भी रोजगार देकर होली की खुशी दोगुणी कर दी। होली पर जारी हुए अंतिम रिजल्ट में खतौली के गांव चांद समद से 11 युवक-युवतियों ने यूपी पुलिस सिपाही भर्ती में एक साथ चयनित होकर इतिहास रच दिया। वहीं, बुढ़ावा के गांव बवाना में एक ही परिवार के दो युवक-युवतियों का पुलिस में आरक्षी के लिए चयन हुआ। इसके अलावा जानसठ क अहरोड़ा गांव से तीन युवाओं के साथ अन्य क्षेत्रों से भी युवा यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती होने के लिए चयनित हुए हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती 2023 का परिणाम गुरुवार को जारी कर चयनित परिवारों में होली की खुशियां बढ़ाई। मुजफ्फरनगर के कई परिवारों से युवक-युवतियों का चयन यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर हुआ है। खतौली के गांव चांदसमद से 11 युवाओं ने एक साथ चयनित होकर इतिहास रचा। चांद समद गांव निवासी बादल सैनी, विरेंद्र सैनी, शेखर वैशला, रोहित खारी, केदर, संदीप कुमार, मोदी, पूजा, चंचल शर्मा, नूपुर शर्मा, काजल का चयन यूपी पुलिस में हुआ है। इसमें सात युवक व चार युवतियां शामिल है। सभी सामान्य परिवार के युवा है। इसमें शेखर वैशला के पिता दिल्ली पुलिस में दरोगा है। बुढ़ाना के गांव बवाना से भी बहुत सामान्य परिवार के युवक राहुल कुमार पुत्र ओमपाल सिंह यूपी पुलिस में भर्ती हुए। वहीं इन्हीं के परिवार की मीनाक्षी पाल पुत्री सुभाष का सिपाही के पद पर चयन हुआ। युवाओं के चयन से परिवार के खुशी का माहौल रहा। होली पर खुशियां बढ़ने से मिठाई बांटी गई। बवाना से पुलिस में भर्ती हुए राहुल कुमार के पिता ई-रिक्शा चलाते हैं। उनका कहना है कि पिता की मेहनत को देखते हुए उन्होंने सरकारी नौकरी की तैयारी की है। अब उनकी सेवा का अवसर मिलेगा। मुजफ्फरनगर शहर के दक्षिणी कृष्णापुरी निवासी अन्नया चौहान का भी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में सिपाही के पद पर चयन हुआ। मुजफ्फरनगर जिले में चयनित होने वाले अभ्यर्थियों में अन्नया चौहान सबसे कम उम्र की युवा है। पेशे से शिक्षक अन्नया चौहान के पिता लोकेश चौहान ने बताया कि उनकी बेटी की उम्र 19 वर्ष है, जो बीएसी, बीएड की छात्रा है। 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ही वह तैयारी में जुट गई है। अन्नया चौहान की माता जी सोनी चौहान में शिक्षिका है। परिवारजनों ने बेटी की कामयाबी पर उत्साहवर्धन किया।

उत्तर प्रदेश पुलिस की भर्ती का परिणाम घोषित होने पर गांव अहरोड़ा में खुशी मनाई गई। गांव के तपेश्वर पुत्र पुष्पेंद्र, नितिन पुत्र मांगेराम, शेखर पुत्र अजब सिंह का सिपाही के पद पर चयन हो गया है। चयनित तीनों अभ्यर्थियों के परिवारों में खुशी का माहौल है। ग्रामीण तीनों चयनित अभ्यर्थियों के घर पहुंचकर उनको शुभकामनाएं दे रहे हैं। अहरोड़ा गांव से 11 युवाओं ने परीक्षा में भाग लिया था।


## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे उत्तरी रामपुरी, मुजफ्फरनगर स्थित प्लाट का बैनामा 24 फरवरी 2025 को तहसील सदर से घर आते समय कहीं खो गया है। यह बैनामा दिनांक 18 फरवरी 2010 को कार्यालय उपनिबन्धक द्वितीय, मुजफ्फरनगर में बही संख्या 1, जिल्द संख्या 3502, पृष्ठ संख्या 385 से 412 पर क्रमांक 1674 पर रजिस्ट्रीकृत किया गया। किसी अन्य द्वारा इसका प्रयोग अवैध होगा।

**ओमवीर सिंह पुत्र ब्रह्म सिंह**
ग्राम- बधाई खुर्द, थाना-कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मोनू मेरे कहने-सुनने में नहीं है और गलत संगत में बैठने लगा है। इसलिए मैंने व मेरे सभी परिजनों ने मोनू से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं और मैंने अपने पुत्र को अपनी समस्त सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि मेरा पुत्र कोई लेन-देन या गलत कार्य करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**धर्मेन्द्र पुत्र श्री सोमपाल**
ग्राम–खेड़ी, दूदाधारी
थाना– तितावी, मुजफ्फरनगर


## अमृतपाल सिंह के 7 सहयोगियों को असम से पंजाब लेकर आएगी पुलिस, कार्रवाई की तैयारी

**चंडीगढ़, 16 मार्च (एजेंसी)।** पंजाब पुलिस 'वारिस पंजाब दे' संगठन के प्रमुख और खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह के 7 सहयोगियों को जल्द ही पंजाब लेकर आएगी। हालांकि, पंजाब सरकार ने इन सभी पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून जारी रखने से इनकार कर दिया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार से असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद अमृतपाल सिंह के साथियों को पंजाब लाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पंजाब पुलिस सांसद अमृतपाल सिंह के 7 साथियों को डिब्रूगढ़ जेल से गिरफ्तार कर पंजाब लाएगी और पंजाब के पुलिस स्टेशनों में दर्ज सभी मामलों में कार्रवाई करेगी। ये सभी आरोपी फिलहाल असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं और अब इन्हें पंजाब की जेलों में ट्रांसफर किया जाएगा। पंजाब पुलिस जिन लोगों को असम से पंजाब लेकर आएगी उनमें बसंत सिंह, भगवंत सिंह उर्फ 'प्रधानमंत्री, गुरमीत सिंह बुकनवाल, दलजीत सिंह कलसी, गुरिंदरपाल सिंह उर्फ गुरी औजला, हरजीत सिंह उर्फ चाचा कुलवन्त शामिल हैं।

# नॉर्थ मैसेडोनिया के नाइटक्लब में आग से 51 लोगों की मौत

**मैसेडोनिया, 16 मार्च (एजेंसी)।** नॉर्थ मैसेडोनिया के एक नाइट क्लब में आग की वजह से 51 लोगों की मौत हो गई है। ये लोग वहां एक हिप हॉप कंसर्ट के लिए जमा हुए थे। 100 से ज्यादा लोगों के घायल होने की भी खबर है। आग की यह घटना "पल्स" नाम के नाइटक्लब में हुई जो पूर्वी शहार कोचानी में है। यहां हादसे के वक्त 1,000 से ज्यादा लोग जमा थे, जिनमें ज्यादातर युवा थे। ये सभी देश में मशहूर हिप हॉप जोड़ी डीएनके के लाइव कंसर्ट के लिए वहां पहुंचे थे। हादसे की जगह का दौरा करने के बाद देश के नॉर्थ मैसेडोनिया के गृह मंत्री पान्स तोस्कोव्सकी ने बताया, "फिलहाल हमारे पास जो आंकड़े मौजूद हैं। उनके मुताबिक 51 लोगों ने आन गंवाई है।"




इसके साथ ही तोस्कोव्सकी ने यह भी बताया कि 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिन्हें आसपास और वहां से करीब 30 किलोमीटर दूर राजधानी के अस्पतालों में ले जाया गया है। वॉलंटियरों और स्थानीय लोगों ने भी इस काम में राहत और बचाव में जुटे कर्मचारियों की मदद की। घटना के बाद बड़ी संख्या में पीड़ितों के परिजन क्लब के बाहर जमा हो गए और अधिकारियों से उनके बारे में जानकारी देने की गुहार लगा रहे थे। प्रधानमंत्री ह्रिस्तिजान मिकोस्की ने एक्स पर लिखा है, "यह मैसेडोनिया के लिए एक मुश्किल और बहुत दुखद दिन है। इतने सारे युवाओं की जिंदगी का नुकसान कभी पूरा नहीं किया जा सकता, उनके परिवारों, प्रियजनों और मित्रों को पहुंचा दुख अतुलनीय है। लोग और सरकार उनके वश में जो कुछ भी है वो कर के उनके दुख को हल्का करने और उनके इस बेहद मुश्किल समय में उनकी मदद की कोशिश करेंगे।" कॉन्सर्ट आधी रात के करीब शुरू हुआ। ऑनलाइन मीडिया संस्थान एसडीके के मुताबिक आग स्थानीय समय के मुताबिक सुबह तीन बजे भड़की। तोस्कोव्सकी के मुताबिक संभवतया आग का कारण पायरोटेक्निक उपकरणों का इस्तेमाल था, जिन्हें कॉन्सर्ट में "लाइट इफेक्ट तैयार करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।"

# सचिन तेंदुलकर की टीम बनी चैंपियन, इंडिया मास्टर्स ने फाइनल में वेस्टइंडीज को रौंदा

**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसी)।** सचिन तेंदुलकर की कप्तानी वाली इंडिया मास्टर्स ने इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (क्ष्छ) 2025 का खिताब जीत लिया। इंडिया मास्टर्स ने रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में ब्रायन लारा की टीम वेस्टइंडीज मास्टर्स को 6 विकेट से रौंदा। इंडिया मास्टर्स की इस जीत में सलामी बल्लेबाज अंबाति रायडू का अहम योगदान रहा, जिन्होंने शानदार अर्धशतक जड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज मास्टर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 148 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज के लिए लेंडल सिमंस ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। वहीं, ड्वेन स्मिथ ने 45 रनों की पारी खेली। भारत की ओर से गेंदबाजी में विनय कुमार ने कमाल किया। उन्होंने



3 विकेट अपने नाम किए। वहीं, अंबाति रायडू ने 50 गेंदों पर 74 रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के 148 रनों का पीछा करने उतरी इंडिया मास्टर्स की सलामी जोड़ी ने धमाकेदार अंदाज में आगाज किया। सचिन तेंदुलकर और अंबाति रायडू की सलामी जोड़ी ने मिलकर पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़े। सचिन 25 रन बनाकर 8वें ओवर में आउट हुए। इस दौरान अंबाति रायडू एक छोर पर डटे रहे और अर्धशतक पूरा करने में कामयाब रहे। इसके कुछ देर बाद गुरकीरत सिंह मान भी 14 रन बनाकर चलते बने। गुरकीरत के आउट होने के बाद युवराज सिंह की मैदान पर एंट्री हुई। रायडू और युवराज टीम का स्कोर 14 ओवर में 124 रन तक ले गए, लेकिन अगले ही ओवर में रायडू बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में कैच दे बैठे। इसके तुरंत बाद ही युसूफ पठान 3 गेंद खेलकर डक पर पवेलियन लौट गए। यहां से मैच थोड़ा रोमांचक हो गया लेकिन युवराज ने एक छोर संभाले रखा और स्टुअर्ट बिन्नी के साथ मिलकर 18वें ओवर में टीम को जीत दिला दी। गौरतलब है कि इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (क्ष्छ) का आयोजन पहली बार हुआ था, जिसमें इंडिया मास्टर्स, इंग्लैंड मास्टर्स, ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स, साउथ अफ्रीका मास्टर्स, श्रीलंका मास्टर्स और वेस्टइंडीज मास्टर्स ने हिस्सा लिया था। इंडिया मास्टर्स की कमान सचिन तेंदुलकर के हाथों में थी। सचिन की कप्तानी में इंडिया मास्टर्स ने पहले ही सीजन खिताब जीतकर इतिहास रच दिया।

# करंट से दुधारू पशु की मौत, दिया धरना

**चरथावल, 16 मार्च (बु.)।** विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते ग्राम गुनियाजुड्डी में लोहे के खंभे में कई दिनों से आ रहे करंट और तार टूटने से तार की चपेट में आकर किसान अनिल की दुधारू भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। भैंस की करंट के चलते मौत की सूचना पर ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति रोष फैल गया। भाकियू नेता विकास शर्मा घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे तथा विद्युत विभाग के आलाधिकारियों सहित जिलाधिकारी को घटना से अवगत कराया। वहीं ग्रामीण व किसान नेता के साथ मुआवजे को लेकर अड़ गए। मौके पर पंहुचे नायब तहसीलदार हरेन्द्र पाल, कानूनगो प्रवीण गुप्ता, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग एवं चरथावल पुलिस ने ग्रामीणों को शांत किया। भाकियू नेता विकास शर्मा ने पीड़ित परिवार को एक लाख रुपए मुआवजे की मांग की और विद्युत विभाग के कर्मचारी लाइन ठीक करने में लगाए गए। इस मौके पर संजय त्यागी ब्लॉक अध्यक्ष, सुदेश कुमार, रविन्द्र कुमार, मोनू प्रधान, अनिल कुमार, शुभम, नीशू आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी मामले में रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)।** नाबालिग छात्र से कुकर्म कर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पिछले दो साल से आरोपी छात्र को प्रताड़ित कर रहे थे। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्र कक्षा नौ में पढता है। आरोप है कि दो साल पूर्व गांव के तीन आरोपी उसे बहला फुसलाकर अपने साथ जंगल में ले गए। आरोपियों ने छात्र के साथ जबरदस्ती कुकर्म किया और उसकी अश्लील वीडियो बना ली। उसके बाद आरोपी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ लगातार कुकर्म करते रहे। उसके बाद आरोपियों ने उसकी अश्लील वीडियो गांव के अन्य युवकों को भेज दी। वीडियो मिलने पर पांच युवकों ने छात्र पर जबरदस्ती कुकर्म करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपियों ने छात्र की अश्लील वीडियो वायरल कर दी। रविवार को पीड़ित छात्र को उसका मामा व अन्य परिजन लेकर नई मंडी थाने पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि पीड़ित छात्र के मामा की तहरीर पर गांव के ही मंसूर, सुबान, शोऐब व पांच अज्ञात युवकों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है।

## होली खेलने के बाद ट्यूबवेल पर गई थी नहाने, गन्ने के खेत में खींचा; सामूहिक दुष्कर्म

**बुलंदशहर, 16 मार्च (एजेंसी)।** थाना अहार क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा सात की 16 वर्षीया छात्रा शुक्रवार को घर पर होली खेलने के बाद दोपहर में गांव के समीप ट्यूबवेल पर नहाने चली गई। इसी दौरान गांव रजापुर निवासी युवक ने उसको पकड़ लिया और खींच कर ईंख के खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। छात्रा के चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी गांव बढ़पुरा निवासी तीन युवक वहां पहुंच गए। आरोपी युवक उनको देखकर वहां से भाग निकला, जिसके बाद मौके पर पहुंचे गांव बढ़पुरा के प्रधान पुत्र अजय, उसके साथी नितिन और हरेंद्र ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। उसके विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी अश्लील वीडियो बनाई और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने लगे। इसके बाद आरोपी उसे अपने साथ अपहरण कर गाड़ी में बैठाकर ले गए। आरोप है कि आरोपी छात्रा को बुलंदशहर देहात कोतवाली की कॉलोनी युमनापुरम बी 88 पर ले गए। आरोप है कि वहां तीनों युवको ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। उसके बाद आरोपी छात्रा को मकान के अंदर बंद कर ताला लगाकर वहा से फरार हो गए। परिजनों ने जब छात्रा की तलाश की, तो शनिवार को उन्हें आरोपी युवकों के बारे में जानकारी हुई, जिनके खिलाफ पीड़िता के पिता ने थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी और अपहरणकर्ताओं में से एक आरोपी को पकड़ लिया, जब पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने बताया छात्रा को बुलंदशहर के एक मकान में बंधक बनाकर रखा है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर मौके पर पहुच कर छात्रा को वहां से बरामद कर लिया, जिसके बाद पुलिस ने उसे मेडिकल के लिए भेज दिया और एक अन्य आरोपी को भी हिरासत में ले लिया है, जबकि, तीसरे की तलाश की जा रही है। अभी दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है।

## भारत का दुश्मन, हाफिज सईद का खास; पाकिस्तान में मारा गया लश्कर का आतंकी अबू कताल

**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसी)।** भारत का मोस्ट वांटेड लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी अबू कताल पाकिस्तान में मारा गया। शनिवार शाम को हुए एक हमले में उसकी मौत हो गई। उसने भारत में कई आतंकी हमलों को अंजाम दिया था। एनआईए ने उसके खिलाफ चार्जशीट भी दायर की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान के झेलम में जब शनिवार की शाम को अबू कताल पर हमला हुआ, उस समय आतंकी हाफिज सईद भी उसके साथ मौजूद था। इस घटना के बाद से ही हाफिज सईद लापता है। आतंकी अबू कताल, हाफिज सईद का बेहद करीबी माना जाता था। हाफिज मुंबई हमलों का मास्टरमाइंड है। 26/11 मुंबई अटैक में 166 लोगों की मौत हुई थी। लश्कर के करीब 10 आतंकियों ने मुंबई में अलग-अलग जगहों पर हमला किया था। अबू कताल की बात करें तो इसने बीते 9 जून को जम्मू-कश्मीर के रियासी में शिव-खोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों से भरी बस पर हमला किया था। इसके अलावा कश्मीर में कई बड़े हमलों का मास्टरमाइंड भी अबू कताल को माना जाता है। एनआईए ने 2023 के राजौरी हमले में अबू कताल को ही जिम्मेदार ठहराया था। एक जनवरी, 2023 को राजौरी जिले के ढांगरी गांव में आतंकवादी हमला हुआ था। उसके अगले दिन आईईडी ब्लास्ट हुआ था। इन हमलों में दो बच्चों समेत सात लोग मारे गए थे और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।



## "हम मुर्दों से नहीं लड़ते" : औरंगजेब की कब्र पर आचार्य प्रमोद कृष्णम का बड़ा बयान

**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसी)।** औरंगजेब की कब्र को लेकर चल रहे विवाद में अब संत समाज भी अपनी प्रतिक्रिया दे रहा है। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से आए बयान में आचार्य प्रमोद कृष्णम ने इस पूरे मामले पर सनातनी दृष्टिकोण रखते हुए कहा कि भारत मुर्दों से नहीं लड़ता। आचार्य ने जोर देकर कहा कि "कब्र हटाना तालिबान का काम है, सनातन धर्म इसकी अनुमति नहीं देता।" दरअसल, बॉलीवुड फिल्म छावा के रिलीज होने के बाद से ही औरंगजेब को लेकर एक नई बहस छिड़ी हुई है। कई राजनीतिक नेताओं और धार्मिक संगठनों ने औरंगजेब को क्रूर शासक बताया है, तो वहीं कुछ नेता उसे महान शासक कहकर बचाव करते नजर आ रहे हैं। इसी बहस के बीच, औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग भी जोर पकड़ रही है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सख्त लहजे में कहा कि भारत अपने दुश्मनों का भी सम्मान करता है। उन्होंने यह भी कहा कि "सनातन संस्कृति में यह परंपरा नहीं कि मरे हुए लोगों से लड़ाई लड़ी जाए।" उन्होंने इस पूरे विवाद को तालिबान और आतंकी संगठनों की मानसिकता से जोड़ते हुए कहा, "जो धमकी देता है, वो आतंकवादी होता है। भारत कभी भी आतंकवादियों की धमकियों से नहीं डरता।" आचार्य प्रमोद कृष्णम ने आगे कहा कि भारत हमेशा आतंकवाद के खिलाफ खड़ा रहा है। चाहे बात तालिबान, कक्कर या किसी अन्य आतंकी संगठन की हो, भारत ने हमेशा आतंकवाद को कुचलने का काम किया है।



## डिहाइड्रेशन की वजह से अस्पताल में भर्ती हुए थे संगीतार एआर रहमान

**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसी)।** ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान को चेन्नई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 58 वर्षीय रहमान की तबियत बिगड़ने के बाद भर्ती कराया गया है। बता दें, एआर रहमान को सीने में दर्द के कारण चेन्नई के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार उनकी ईसीजी समेत कई जांच की जा रही हैं। उन्हें सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर सीने में दर्द की शिकायत के बाद चेन्नई के ग्रीम्स रोड स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका इमरजेंसी वार्ड में इलाज चल रहा है। उनकी एंजियोग्राफी भी कराई जाएगी। वह डॉक्टरों की देखरेख में हैं। जानकारी के अनुसार रोजा रख रहे रहमान को डिहाइड्रेशन की भी समस्या हुई। एआर रहमान पिछले कुछ महीनों से अपने निजी जीवन को लेकर चर्चा में हैं। नवंबर 2024 में उनकी पत्नी की वकील ने ऐलान किया था कि रहमान और सायरा बानो 29 साल बाद तलाक ले रहे हैं। इसको लेकर संगीतकार ने एक भावुक नोट भी शेयर किया था, जिसे उन्होंने 'तोड़ कर रख देने वाला' फैसला बताया था। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद थी, यह रिश्ता तीस साल तक कायम रहेगा। कुछ हफ्ते पहले ही सायरा बानो भी अस्पताल में भर्ती हुई थीं। बानो को भी मेडिकल इमरजेंसी के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुछ दिन पहले ही उनकी सर्जरी हुई थी। इस बारे में उनकी तरफ से एक बयान भी जारी किया गया था। अपने बयान में सायरा ने एआर रहमान और बाकी लोगों का सपोर्ट के लिए आभार जताया था। स्टेटमेंट में कहा गया कि, 'कुछ दिन पहले सायरा रहमान को मेडिकल इमरजेंसी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उनकी सर्जरी की गई थी। इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान उनका ध्यान जल्दी ठीक होने पर है। ह अपने आस-पास के लोगों की फिक्र और सपोर्ट की सराहना करती हैं और अपने कई शुभचिंतकों और समर्थकों से उनकी भलाई के लिए प्रार्थना करने का अनुरोध करती हैं।' बता दें, 19 नवंबर को एआर रहमान और सायरा बानो के अलग होने की खबरें तब आने लगी थीं, जब सायरा ने तलाक के बारे में एक बयान जारी किया था। ऐसी खबरें थीं कि सायरा ने तलाक के पीछे भावनात्मक तनाव को कारण बताया।



# भाजपा पार्टी कार्यालय पर दिखाई दिया जश्न का माहौल

**मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)।** गांधीनगर भाजपा के पार्टी कार्यालय पर रविवार को संगठन के नए जिलाध्यक्ष के रूप में डॉ. सुधीर सैनी के नाम की फिर से घोषणा को लेकर जश्न के माहौल के बीच कहीं खुशी-कहीं गम जैसे हालात देखने को मिले। हालांकि इस बीच पार्टी कार्यालय पर खुलकर तो कोई कुछ कह नहीं पाया, लेकिन दोपहर बाद हाईकमान द्वारा तय किए नाम की घोषणा के बाद भाजपा पार्टी कार्यालय से बाहर निकलते हुए अधिकांश चेहरों की मुस्कान गुम रही। इस दौरान योगी सरकार में वन व पर्यावरण मंत्री केपी मलिक एवं चुनाव अधिकारी पूरण लाल लोधी ने शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर फिर से यहां पर संगठन के नए जिलाध्यक्ष की कमान डॉ. सुधीर सैनी को सौंपे जाने की विधिवत घोषणा की। डॉ. सुधीर सैनी के तीसरी बार जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद कार्यकर्ताओं ने कार्यालय पर जश्न मनाते हुए एक-दूसरे को बधाई देते हुए मिठाई बांटी। हालांकि शीर्ष नेतृत्व की घोषणा के बाद अन्य दावेदारों और उनके समर्थकों में इस बीच मायूसी स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश के चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय के निर्देशन में यूपी सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्री केपी मलिक को जनपद मुजफ्फरनगर में भाजपा के जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा करने का दायित्व हाईकमान ने सौंपा। रविवार दोपहर मंत्री केपी मलिक ने जिला चुनाव अधिकारी पूरण चंद लोधी व भाजपा जिला प्रभारी सूर्यप्रकाश पाल गांधीनगर स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे। जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी ने उनका इस बीच भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पुष्प गुच्छ देते हुए स्वागत किया। पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्वागत सत्कार के बाद मुख्यालय से शुरू कार्यक्रम के बीच करीब तीन बजे के बाद जिलाध्यक्ष पद पर नाम का ऐलान किया गया। यूपी में पहली बार इसके लिए भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने ऑनलाइन तकनीक का प्रयोग किया और शीर्ष नेतृत्व के निर्णय की जानकारी व्हाटसएप के जरिये जनपद में नामित किये गये नेता को मोबाइल फोन पर भेजी गई। मंत्री केपी मलिक व चुनाव अधिकारी पूरण लाल लोधी ने नए जिलाध्यक्ष के रूप में डॉ. सुधीर सैनी के नाम की घोषणा की, तो पूरा सभागार जिन्दाबाद के नारों से गूंज उठा। इस दौरान पार्टी कार्यालय पर मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिला को-ऑपरेटिव बैंक चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, उमेश मलिक, प्रमोद उटवाल, बिक्रम सैनी, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा, परमेश सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, देवव्रत त्यागी, दल सिंह वर्मा, राजीव गर्ग, डॉ. पुरुषोत्तम, बिजेन्द्र पाल, विजय सैनी, श्याम सिंह सैनी, पवन दाबड़ा, पवन अरोरा, शरद शर्मा, दीपक मित्तल, राजू अहलावत, हरीश अहलावत, पंकज माहेश्वरी, अनिल सिंह प्रमुख, प्रमुख अरविन्द त्यागी, प्रमुख अक्षय सिंह पुण्डीर, गौरव पंवार, सभासद राजीव शर्मा, अमित पटपटिया, बॉबी सिंह, जगदीश पांचाल, प्रमोद मित्तल, श्रीमोहन तायल, अभिषेक गुर्जर, राजकुमार सिद्धार्थ, दीपक कुमार, राहुल गोयल, रोहिल वाल्मीकि, मनोज कश्यप, रेणु गर्ग, साधना सिंघल, गीता जैन, सुनीता शर्मा, सुषमा पुंडीर, अंजू शर्मा, आशु गुप्ता, संजय गर्ग, महेन्द्र आचार्य, अक्षय शर्मा, शिल्पीराज शर्मा, कन्हैया शर्मा, गौरव मुंडे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कहीं खुशी-कहीं गम के बीच दावेदारों में दिखाई दी मायूसी










### भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए की थी 37 दिग्गजों ने दावेदारी

**मुजफ्फरनगर, 16 मार्च (बु.)।** प्रदेश में शुरू नामांकन प्रक्रिया के बीच भाजपा के नए जिलाध्यक्ष के पद को लेकर तीन पूर्व जिलाध्यक्षों के साथ ही 36 भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जिला चुनाव अधिकारी के समक्ष अपनी दावेदारी जताई थी। भाजपा में संगठनात्मक चुनाव के लिए प्रदेश हाईकमान ने बरेली निवासी पूरण चन्द लोधी को इस बीच मुजफ्फरनगर में बतौर चुनाव अधिकारी और पर्यवेक्षक नामित किया था। बीते 09 जनवरी को जिला मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं के आवेदन पत्र प्राप्त किये थे। इस बीच 37 आवेदकों ने यहां पर नामांकन दाखिल कर सरगर्मी बढ़ा दी थी। जिलाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वालों में जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष सतपाल सिंह पाल एवं विजय शुक्ला ने अपनी दावेदारी पेश की थी, जबकि अन्य दावेदारों में रोहिल वाल्मीकि, विनीत कात्यायन, शरद शर्मा, संजय अग्रवाल, मनोज पंवार, ओमवीर चौहान, राकेश आडवाणी, सचिन त्यागी, रविन्द्र बेनीवाल, सुधीर खटीक, हरीश अहलावत, पं. शिल्पी राज वत्स, सुनील दर्शन, रामकुमार सैनी, मनोज कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने दावेदारी पेश की थी। जनपद में शुरू चुनाव प्रक्रिया के बीच जिला चुनाव अधिकारी की मौजूदगी में राकेश अडवाणी ने अपना नाम वापस लेते हुए अन्य दावेदारों के लिए मार्ग प्रशस्त कर दिया था, जिसका जिक्र रविवार को पार्टी कार्यालय पर चर्चा के केन्द्र में रहा। इसके बाद जनपद मुजफ्फरनगर से शेष रहे इन 36 दावेदारों में से चुनाव अधिकारी ने सहयोगियों की सलाह पर छंटनी करते हुए चार नामों का पैनल हाईकमान को भेजा था, जिसमें डॉ. सुधीर सैनी, विनीत कात्यायन, बिजेन्द्र पाल और मनोज कश्यप का नाम शामिल रहा। इस पैनल में डॉ. सुधीर सैनी को दी प्रथम वरीयता मुजफ्फरनगर में उनको बतौर भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में तीसरा कार्यकाल देने में सफल साबित हुई और फिर से सुधीर सैनी भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में शीर्ष नेतृत्व की पहली पसन्द बनकर सामने आए।

**राकेश आडवाणी ने ले लिया था पहले ही नाम वापस**

**36 में से शीर्ष नेतृत्व को भेजा गया था चार का पैनल**

## 17 मार्च से शुरू हो जाएगी गेहूं खरीद, 48 घंटे के अंदर होगा भुगतान

**लखनऊ, 16 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में 17 मार्च यानी सोमवार से गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी। 6500 केंद्रों पर यह 15 जून तक चलेगी। इस बार समर्थन मूल्य पिछली बार से 150 रुपये प्रति कुंतल बढ़ाकर 2425 रुपये प्रति कुंतल रखा गया है। पिछले वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खरीद के 48 घंटे के भीतर भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों के लिए भी समुचित व्यवस्था करने की बात कही। मोबाइल केंद्र के माध्यम से किसानों के गांवों में जाकर भी खरीद होगी। गेहूं की बिक्री के लिए पहली मार्च से पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है। अब तक प्रदेश के 2.65 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। गेहूं की बिक्री के लिए किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल या विभाग के मोबाइल ऐप पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। विभाग ने किसानों से अनुरोध किया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल आदि को साफकर अच्छी तरह से सुखाकर ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर आएं। इस वर्ष भी बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक रविवार व अन्य अवकाशों को छोड़कर 15 जून तक क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद प्रतिदिन सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक होगी। योगी सरकार ने निर्देश दिया है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। विभाग ने इसकी तैयारी भी कर ली गई है। किसी भी विषम परिस्थितियों के लिए खाद्य व रसद विभाग ने टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है। किसी भी समस्या के समाधान के लिए किसान जिला खाद्य विपणन अधिकारी या तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 2425 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है। पिछले वर्ष यह मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल था। इस बार सरकार ने 150 रुपये प्रति कुंतल में वृद्धि की है। खाद्य विभाग समेत आठ क्रय एजेंसियों के द्वारा कुल 6500 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। खाद्य व रसद विभाग ने गेहूं के मूल्य भुगतान सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक खाते में 48 घंटे के अंदर करने की व्यवस्था बनाई है। 17 मार्च से शुरू होने वाली गेहूं खरीद के लिए विभाग ने सारी तैयारी कर ली है। इस वर्ष मोबाइल केंद्र के माध्यम से गांवों में जाकर किसानों से गेहूं खरीद होगी।



## चाय की टपरी, ट्रक ड्राइवर और क्लीनर नहीं मुस्लिम समाज में शिक्षा की बहुत जरूरत : गडकरी

**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर उन्होंने मुस्लिम समाज को लेकर बेबाक होकर बोला है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में शिक्षा की सबसे ज्यादा आवश्यकता कहीं है तो मुस्लिम समाज में है। मुस्लिम समाज में लोकप्रिय हुए चाय की टपरी, पान ठेला, कबाड़ी की दुकान, ट्रक ड्राइवर और क्लीनर-नितिन गडकरी ने मुस्लिम समाज में शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हम मस्जिद में एक बार नहीं सौ बार नमाज पढ़ें, पर विज्ञान और तंत्रज्ञान को आत्मसात नहीं करेंगे तो हमारा भविष्य क्या होगा। वह एक दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे, जब उन्होंने कहा कि जब वह महाराष्ट्र में विधायक थे तो उन्हें भी एक इंजीनियरिंग कॉलेज मिला। इस इंजीनियरिंग कॉलेज को उन्होंने नागपुर के अंजुमन इस्लाम को दे दिया। नितिन गडकरी से जब पूछा गया कि आपने इसे अंजुमन इस्लाम को क्यों दिया? तो उन्होंने कहा कि हमारे समाज में शिक्षा की सबसे ज्यादा आवश्यकता कहीं है तो मुस्लिम समाज में हैं गडकरी ने आगे कहा कि दुर्भाग्यवश ये पांच ही धंधे इस समाज मे लोकप्रिय हुए। चाय की टपरी, पान ठेला, कबाड़ी की दुकान, ट्रक ड्राइवर और क्लीनर, हमारे समाज में से इंजीनियर, डॉक्टर, आईएएस ,आईपीएस बनेंगे तो समाज का विकास होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसलिए हम मस्जिद में एक बार नहीं सौ बार नमाज पढ़ें, पर विज्ञान और तंत्र विज्ञान को हम आत्मसात नहीं करेंगे तो हमारा भविष्य क्या होगा? नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर अब्दुल कलाम का नाम लिया।



## बेलड़ा गंग नहर में तैरता दिखा महिला का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

**भोपा, 16 मार्च (बु.)।** रविवार को भोपा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव बेलड़ा के गंग नहर में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने एक महिला का शव नहर में तैरता हुआ देखा। काफी संख्या में ग्रामीण शव को देखने के लिए एकत्रित हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद भी समाचार लिखे जाने तक शव को गंग नहर से नहीं निकाला गया। पीछे से बहकर महिला का शव बेलड़ा गंग नहर पुल के पास फंस गया। शव कई दिन पुराना दिखाई देता है।



## अब पाकिस्तानी सेना पर बलूच आर्मी का फिदायीन हमला

### पाक सेना के 90 सैनिक मारे; 8 बसों के काफिले पर अटैक

**इस्लामाबाद, 16 मार्च (एजेंसी)।** बलूच लिबरेशन आर्मी ने रविवार को पाकिस्तानी सेना पर फिदायीन हमले का दावा किया है। बीएलए के मुताबिक उनकी मजीद ब्रिगेड और फतेह ब्रिगेड ने सेना के काफिले पर सुसाइड बॉम्बिंग की। इसमें 90 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। बीएलए के मुताबिक क्वेटा से कफ्तान जा रहे मिलिट्री के 8 वाहनों पर हमला किया गया। नोशकी के हाईवे के पास फिदायीन लड़ाकों ने वाहनों को निशाना बनाया। नोशकी के बीएलए जफरुल्लाह सुलेमानी ने बताया कि एक फिदायीन विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर सेना के काफिले से टकरा गया। इसके बाद बीएलए की फतेह स्क्वॉड के लड़ाकों ने सेना के काफिले में घुसकर सैनिकों की हत्या की, जिस वाहन पर सुसाइड अटैक किया गया था, वो पूरी तरह तबाह हो गया। सुलेमानी के मुताबिक घायलों को नोशकी के अस्पताल में भर्ती किया गया है। इलाके में इमरजेंसी लगा दी गई है। 5 दिन पहले ही बीएलए ने एक पैसेंजर ट्रेन का अपहरण कर लिया था। महिलाओं और बच्चों को इससे निकाला गया था। इससे पहले 11 मार्च को बीएलए ने क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर पैसेंजर ट्रेन को हाईजैक कर लिया था। जाफर एक्सप्रेस मंगलवार की सुबह 9 बजे क्वेटा से पेशावर के लिए चली थी। इसके सिबि पहुंचने का टाइम 1.30 बजे था। इससे पहले ही दोपहर करीब 1 बजे बलूचिस्तान के बोलान जिले के माशकाफ इलाके में बलूच लिबरेशन आर्मी ने इस हमले को अंजाम दिया। यह पहाड़ी इलाका है, जहां 17 सुरंगें हैं, इसके चलते ट्रेन को धीमी स्पीड पर चलाना पड़ता है। इसका फायदा उठाकर बीएलए ने ट्रेन पर हमला किया। सबसे पहले बलूच आर्मी ने माशकाफ में टनल नंबर-8 में रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया। इससे जाफर एक्सप्रेस डिरेल हो गई। इसके बाद बीएलए ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में ट्रेन का ड्राइवर भी घायल हुआ। इस ट्रेन में सुरक्षाबल, पुलिस और आईएसआई के एजेंट्स सफर कर रहे थे। सभी पंजाब जा रहे थे। इन्होंने BLA के हमले का जवाब दिया, लेकिन बीएलए ने ट्रेन पर कब्जा कर लिया।



## 9 वर्ष से थे शारीरिक सम्बंध, मन भरा तो दिया धोखा

### पीड़िता रिपोर्ट दर्ज कराने को खा रही दर-दर की ठोकरें

**बुढ़ाना, 16 मार्च (बु.)।** एक महिला अपने कथित पति व ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दर-दर की ठोकरें खा रही हैं, लेकिन पुलिस कोई भी कार्यवाही नहीं कर रही है। अब पीड़िता ने एसएसपी को शिकायत की है। मुजफ्फरनगर शहर के एक मौहल्ले की निवासी एक महिला ने बताया कि आलिम बेग पुत्र फुरकान ग्राम मेहलजना बुढ़ाना से वो 9 वर्ष से रिलेशन में थी। तब से दोनों के बीच शारीरिक सम्बन्ध थे, जिसमें वो हमेशा मुझसे कहता था कि मैं तुमसे शादी करूंगा। उसने पहले किसी और से शादी की और मुझसे कहा कि मैंने घरवालों की मर्जी से शादी कर ली। उसके बाद तुमसे शादी कर लूंगा और कहा कि शादी के बाद भी घर में रखूंगा और तुम्हें मैं अपने साथ पानीपत में भी रखूंगा। मैं अपने घरवालों से छुपकर शादी के लिए चली गयी। फिर उसने मुझसे बीती 23 फरवरी में कैराना में शादी कर ली। शादी बाद वो मुझे पानीपत में एक होटल में ले गया। फिर होटल के बाद किसी लड़की के पास मुझे रखा। उसके घरवालों को पता लगने के बाद उसने मुझे कैराना छोड़कर बहाने से घर जाकर अपना फोन बन्द कर दिया। मैंने सम्पर्क करने की कोशिश की पर मेरी बात नहीं हो पाई। बीती 2 मार्च को मैं उसके गांव मेहलजना गई, तो वहां आलिम आदि मेरे साथ मारपीट व गाली-गलौच की। उन्होंने बन्दूक लगाई व जान से मारने की धमकी दी। मेरे घरवालों को मेरी शादी का पता लगा, तो उन्होंने मुझे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ एसएसपी से कार्यवाही की गुहार लगाई है।



## हाथरस में अपहरण करके 7 साल की बच्ची से दुष्कर्म

**हाथरस, 16 मार्च (एजेंसी)।** सादाबाद थाना क्षेत्र के बिसावर पुलिस चौकी क्षेत्र में 7 साल की बच्ची से दुष्कर्म का शर्मनाक मामला सामने आया है। बच्ची का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची को इलाज और मेडिकल परीक्षण के लिए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। इलाके में बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की घटना के बाद गुसाए लोगों ने धर्मस्थल पर पत्थर बाजी के बाद तोड़फोड़ की। इसकी जानकारी पर डीएम और एसपी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

**धर्मस्थल पर पत्थरबाजी के बाद तोड़फोड़**

बच्ची से दुष्कर्म में दूसरे समुदाय के युवक का नाम सामने आने पर गिरफ्तार किए जाने के बाद गुस्साए लोगों ने धर्मस्थल पर पहुंचकर पत्थरबाजी की। गांव बिसावर मस्जिद चांद तारा के मुफ्ती मोहम्मद सकरिया ने मुसलमान से अपील की है कि शांति बनाए रखें। हमारी किसी भी आदमी को कोई चोट नहीं आई है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने की विनती भी की है। डीएम राहुल पांडे और एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा भी बिसावर पहुंचे। एसपी ने बताया कि रात को ही सर्च अपरेश शुरू कर अमन पुत्र चांद खां को गिरफ्तार कर बच्ची से पहचान करा ली गई थी। इसके बाद कुछ व्यक्तियों ने एक मस्जिद में घुसने का प्रयास किया था, उसके गेट को भी थोड़ा डिस्टर्ब करने का प्रयास किया था। इस संबंध में पुलिस व प्रशासन की टीम वहां पहुंची और तुरंत स्थिति को कंट्रोल किया। दोनों पक्षों से संवाद बनाए रखा है।

## संभल : शाही जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई का काम शुरू

**संभल, 16 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्ज़िद के विवादित परिसर में रंगाई पुताई का काम शुरू हो गया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम की निगरानी में रंगाई-पुताई की जा रही है। एएसआई ने 9 पेंटर लगाकर रंगाई-पुताई का काम शुरू करवा दिया है। ढांचे को सफेद रंग से रंगा जा रहा है. बता दें कि पुताई का काम हाईकोर्ट के आदेश पर करवाया जा रहा है। विवादित परिसर में पेंटिंग का काम अगले चार दिनों में पूरा हो सकता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मस्जिद के विवादित ढाचे की रंगाई-पुताई का जिम्मा एएसआई को सौपा है। शनिवार को एक टीम मस्जिद की रंगाई कराने पहुंची थी। रंगाई-पुताई पहले सफेद रंग से की जा रही है। मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट समेत कमेटी के अन्य सदस्य भी मौके पर मौजूद हैं। सदर जफर अली ने आईएएनएस को बताया कि मस्जिद की रंगाई-पुताई का काम शुरू हो गया है। नौ से दस मजदूर पुताई के काम में लगे हैं। सोमवार से और मजदूर बढ़ा दिए जाएंगे। हाईकोर्ट के निर्देश के मुताबिक, अभी मस्जिद की बाहरी दीवारों पर पुताई का काम किया जा रहा है। मस्जिद की रंगाई-पुताई के काम में लगे मजदूरों में से एक रईस ने आईएएनएस को बताया कि पहले पहले मस्जिद के बाहर की सभी दीवारों पर पहले पुताई होगी। उन सबी को दिल्ली से बुलाया गया है। पुताई के लिए उनको सात दिन का समय मिला है। बता दें कि हालही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद की कमेटी को मस्जिद की बाहरी दीवारों पर रंगाई-पुताई करने की अनुमति दी थी। कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की अर्जी को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया था कि रंगाई-पुताई सिर्फ मस्जिद की बाहरी दीवारों पर ही की जा सकती है। साथ ही हाईकोर्ट ने कहा था कि बाहरी दीवारों पर लाइटिंग भी लगाई जा सकती है, लेकिन यह काम किसी भी ढांचे को नुकसान पहुंचाए बिना किया जाना चाहिए। मस्जिद कमेटी ने यह याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने रंगाई-पुताई कराने की अनुमति मांगी थी।



## उत्तराखंड की राजनीति में भूचाल, कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल ने दिया इस्तीफा

**देहरादून, 16 मार्च (वार्ता)** उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री डा प्रेमचंद अग्रवाल ने पहाड़ी लोगों के खिलाफ कथित अमर्यादित टिप्पणी करने के बाद रविवार शाम अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। डा. अग्रवाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उनके आवास पर पहुंच, अपना त्यागपत्र दिया। इससे पहले संवाददाता सम्मेलन कर, उन्होंने इसकी जानकारी दी थी। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों विधानसभा में बजट सत्र के दौरान पहाड़ी लोगों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी देने के बाद से लगातार डा. अग्रवाल का विरोध हो रहा था। तमाम संगठन और विपक्षी दल उनसे इस्तीफे की मांग कर रहे थे। डा. अग्रवाल ने संवाददाताओं के मध्य फफकते हुए अपने राज्य आंदोलन में संघर्ष और योगदान को बताया। उन्होंने कहा कि जो सदन में बयान दिया था, उस पर उसी दिन सदन में स्पष्टीकरण भी दे दिया था। उन्होंने कहा, मेरे भाव बिल्कुल गलत नहीं थे। गाली वाला शब्द भी उनके वक्तव्य से पहले का है जो न तो पहाड़ के लिए कहा गया और न ही मैदान के लिए। वह पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं। उनका जन्म उत्तराखंड में हुआ है। कुछ लोगों की ओर से सोशल मीडिया पर ऐसा माहौल बनाया गया। मैं भी आंदोलनकारी रहा हूं, लेकिन आज ये साबित करना पड़ रहा है कि हमने भी प्रदेश के लिए योगदान दिया है। डा. अग्रवाल ने आगे कहा,ह्लआज जिस तरह का माहौल बनाया जा रहा है, उससे बहुत आहत हूं। इसलिए मुझे इस्तीफा देना पड़ रहा है। राज्य के वित्त, संसदीय, शहरी विकास व आवास मंत्री डा अग्रवाल त्यागपत्र की घोषणा से पहले अपनी पत्नी के साथ, उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा में बने उत्तराखंड शहीद स्मारक गए थे। उन्होंने अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश विकास की तरफ बढ़े और प्रदेश में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे, इसका संकल्प लिया।



## बुढ़ाना पुलिस ने वारंटी अरेस्ट कर भेजा जेल

**बुढ़ाना, 16 मार्च (बु.)।** लूट के एक मामले में वांछित चल रहे एक वारंटी को बुढ़ाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सर्किल बुढ़ाना के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में बायवाला पुलिस चौकी के इंचार्ज किशनपाल सिंह यादव ने अपने अधीनस्थ हैड कांस्टेबल सचिन कुमार और कांस्टेबल विजय कुमार की मदद से किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर लूट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी सुमित उर्फ काला पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम बड़ौदा बुढ़ाना को उसके मकान से गिरफ्तार करते हुए लिखा-पढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।



## अमेरिका में आए भीषण तूफान में कम से कम 32 लोगों की मौत

**अमेरिका, 16 मार्च (एजेंसी)।** अमेरिका के कई हिस्सों में भयंकर तूफान आया, जिससे कई राज्यों में स्कूल नष्ट हो गए और सेमीट्रेक्टर-ट्रेलर पलट गए। यह एक भयानक तूफान है, जिसने कम से कम 32 लोगों की जान ले ली है। शनिवार (15 मार्च, 2025) देर रात मौसम के और अधिक खराब होने की आशंका है। शुक्रवार को शर्मन काउंटी में धूल भरी आंधी के कारण हुए हाईवे हादसे में आठ लोगों की मौत की सूचना के बाद कैनसस हाईवे पैट्रोल ने मृतकों की संख्या में वृद्धि की। इसमें कम से कम 50 वाहन शामिल थे। मिसिसिपी में, गवर्नर टेट रीव्स ने घोषणा की कि तीन काउंटियों में छह लोगों की मौत हो गई और तीन और लोग लापता हैं। उन्होंने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर रात के समय पोस्ट में बताया कि पूरे राज्य में 29 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मिसौरी में किसी भी अन्य राज्य की तुलना में अधिक मौतें दर्ज की गईं, क्योंकि रात भर छिटपुट बवंडर आए, जिससे कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक व्यक्ति भी शामिल है, जिसका घर बवंडर की वजह से तहस-नहस हो गया। डकोटा हेंडरसन ने बताया कि शुक्रवार रात को जब वह और अन्य लोग अपने घरों में फंसे लोगों को बचा रहे थे, तो उन्हें मिसौरी के बुरी तरह प्रभावित वेन काउंटी में उनकी चाची के घर के बाहर मलबे में पांच शव बिखरे हुए मिले।

## घर के बाहर खड़ी कार के चारों पहिए हुए चोरी

### 08 दिनों में पहिए चोरी होने की दूसरी घटना

**बुढ़ाना, 16 मार्च (बु.)।** अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़ी एक वैगन आर कार के चारों पहिए चोरी कर सनसनी फैला दी। इस घटना को लेकर जहां अन्य कार मालिकों में भय का वातावरण बन गया हैं, वहीं कुल 8 दिनों में 2 कारों के 8 पहिए चोरी होने की यह दूसरी घटना है। बुढ़ाना पुलिस ने अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर भारद्वाज हॉस्पिटल के समीप सैफी फर्नीचर हाऊस है। ये इस्लाम सैफी का है। यहीं पर घर है। घर के बाहर इस्लाम के पुत्र राशिद रोजाना अपनी कार खड़ी कर देता है। रविवार की सुबह जैसे ही राशिद सहरी खाकर नमाज पढ़ने के लिए घर से बाहर निकला, तो देखा उसकी कार ज्यूं की त्यूं खड़ी है, लेकिन उसके चारों पहिए गायब हैं। यह देखकर उसके होश उड़ गये और उसने परिजनों को बाहर बुलाते हुए घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी तो पुलिस ने बिना किसी देरी के घटनास्थल का मौका मुआयना किया और राशिद से घटना की जानकारी लेते हुए घटनास्थल के आसपास के कैमरे खंगाले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। घटना को लेकर अन्य वाहन मालिकों में भय बना हुआ है, क्योंकि कस्बे में बड़ा पार्किंग स्थल ना होने के चलते सैकड़ों कार खुले आसमान के नीचे खड़ी होती हैं। इससे पहले बीती 8 मार्च को भी अज्ञात चोरों ने बुढ़ाना कस्बा निवासी मूसा कुरैशी की पुल पार खड़ी आई-20 कार के चारों पहिए चोरी कर लिए थे। अभी तक उक्त घटना का खुलासा हो नहीं पाया कि दूसरी घटना हो गयी।



## बागपत में करीब 60 बेटियां पहनेंगी खाकी वर्दी

**बागपत, 16 मार्च (एजेंसी)।** यूपी पुलिस भर्ती के नतीजे घोषित होते ही गांव-गांव में सफलता के जश्न के साथ होली का रंग और भी रंगीन हो गया। बेटियों ने अपना दमखम दिखाकर हर किसी को अपनी सफलता के चर्चे करने पर मजबूर कर दिया और महिला सशक्तिकरण की बेहतरीन मिसाल पेश की। यूं तो जिले की करीब 60 बेटियां खाकी वर्दी पहनेंगी, लेकिन अकेले सुरूरपुर कलां गांव में जश्न ज्यादा है, क्योंकि यहां की 12 बेटियों का चयन हुआ है। वहां के लोग इसपर फक्र करते हुए कहते हैं कि बेटियों ने गांव का गौरव तो बढ़ाया ही है, लेकिन ट्रेनिंग के बाद जब तन पर खाकी वर्दी पहनेंगी, तब गुंडों और बदमाशों को सबक सिखाएंगी। खाकी पहनने का लक्ष्य पाने को बेटियों के बुलंद इरादे और संघर्ष की दास्तान शायद ही लोग जानते हैं। बेटियों ने अपनी संघर्ष की कहानियों को साझा किया जो बाकी बेटियों के अंदर ऐसा ही हौसला पैदा कर सकें। सरूरपुरकलां गांव की भारती नैन बीएससी व इतिहास से स्नातकोत्तर उत्तीर्ण कर चुकी हैं और अब इनका भी यूपी पुलिस में चयन हुआ है। बड़ी बहन पारुल दिल्ली पुलिस में पांच साल पहले भर्ती हुई जो छोटी बहन भारती नैन की प्रेरणा बन गई।

